गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 147
कोटद्वार शनिवार
23 सितम्बर 2023, पृष्ठ-8

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** लोकसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही को आज चंद्रयान-3 पर दिनभर चली चर्चा के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देर रात सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था और इस सत्र के दौरान लोकसभा ने कल ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जिसके पक्ष में 454 और विरोध में महज दो वोट पड़े। इस विशेष सत्र को 5 दिन के लिए आयोजित किया गया था लेकिन चार दिन में ही अनिश्चितकाल के लिए इस सत्र को आज स्थगित कर दिया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 24 तक बढ़ाई

**विजयवाड़ा ,(एजेंसी)।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने शुक्रवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 24 सितंबर तक बढ़ा दी। नायडू की हिरासत शुक्रवार को समाप्त होने के साथ, उन्हें राजमुंदरी सेंट्रल जेल से न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। जज हिमा बिंदू ने हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी।

जब न्यायाधीश ने उनकी हिरासत के लिए सीआईडी की याचिका पर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख के विचार जानना चाहा, तो उन्होंने न्यायाधीश से कहा कि उनकी गिरफ्तारी अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हें जेल में रखकर मानसिक यातना दी जा रही है और उन्होंने उनसे अपने अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें बिना किसी नोटिस के और केवल आरोपों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। नायडू ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके 45 साल के लंबे राजनीतिक करियर और उनके मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य में किये गये विकास के बावजूद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जज ने उन्हें बताया कि वह न्यायिक हिरासत में हैं और जेल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की।

## सरकार ने युवाओं को बेरोजगार रखकर उनका भविष्य छीन लिया : खडग़े

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने शुक्रवार को कहा कि भारत के 25 साल से कम उम्र के 42.3 फीसदी स्नातक बेरोजगार हैं और उन्होंने सरकार पर उन्हें बेरोजगार रखकर उनका भविष्य छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अब मामलों को अपने हाथों में लेने और अपनी दुर्दशा के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराने की जरूरत है।एक्स, पूर्व ट्विटर पर एक पोस्ट में खडग़े ने कहा, भारत के 25 वर्ष से कम उम्र के 42.3 प्रतिशत स्नातक बेरोजगार हैं। मोदी सरकार ने उन्हें बेरोजगार रखकर उनका भविष्य छीन लिया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने साझा किया, प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियों का वादा हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक क्रूर मजाक की तरह गूंजता है। उन्होंने कहा कि ग्रेजुएशन से लेकर नौकरी पाने तक की प्रक्रिया दैनिक संघर्ष की एक दुखद कहानी है। खडग़े ने कहा, दुख की बात है कि अपनी विफलता को स्वीकार करने के बजाय, भाजपा ने इस आसन्न आपदा पर आंखें मूंद ली हैं।

# सांसद के बिगड़े बोल, लोकसभा स्पीकर ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राहुल गांधी सांसद दानिश अली से मिलने उनके आवास पर पहुंचे हैं। उनके साथ केसी वेणुगोपाल और इमरान प्रतापगढ़ी भी पहुंचे हैं। कांग्रेस ने रमेश बिधूड़ी के बयान की निंदा करते हुए कहा है कि उनका बयान सदन की गरिमा के लिए कलंक है। इससे पहले, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की आपत्तिजनक भाषा पर माफी मांगी थी। दरअसल चंद्रयान-3 मिशन पर एक चर्चा के दौरान दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के विरुद्ध ऐसी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया कि विपक्ष ने हंगामा कर दिया। कांग्रेस ने मांग की है कि रमेश बिधूड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी रमेश बिधूड़ी को चेतावनी दी है और उन्हें सदन में मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने को कहा है।



दरअसल संसद में कार्यवाही के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी चंद्रयान-3 मिशन और इसरो की सफलता पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की सरकार की तारीफ की। जिस पर बसपा सांसद कुंवर दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी के संबोधन के बीच उठकर कुछ सवाल उठाए। इसके बाद भाजपा सांसद ने अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए इस पर अपनी नाराजगी जताई।

भाजपा सांसद के बयान पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मांग की कि रमेश बिधूड़ी को सदन से निलंबित कर देना चाहिए। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि 'अगर उन्होंने आतंकवादी कहा है तो हमें इसकी आदत है। इन शब्दों का इस्तेमाल पूरे मुस्लिम समुदाय के खिलाफ किया गया था। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि भाजपा से जुड़े मुस्लिम इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? इससे पता चलता है कि वह हमारे बारे में क्या सोचते हैं? उन्हें शर्म आनी चाहिए।'

राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि 'उन्हें रमेश बिधूड़ी के बयान से दुख हुआ है लेकिन वह हैरान नहीं हैं। प्रधानमंत्री के वसुधैव कुटुंबकम का यही सच है। हमें इस बारे में सोचने की जरूरत है अगर ऐसे शब्द देश की संसद में किसी सांसद द्वारा इस्तेमाल किए गए तो देश के मुस्लिमों, दलितों के खिलाफ किस तरह की भाषा को वैधता दी गई है? अभी तक पीएम मोदी ने रमेश बिधूड़ी को लेकर एक शब्द नहीं कहा है।'

### दानिश अली से मिलने पहुंचे राहुल

भाजपा सांसद की अमर्यादित भाषा पर विपक्षी सांसदों ने आपत्ति जताई। विपक्ष के हंगामे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने भाजपा सांसद की बातों को नहीं सुना लेकिन आसन से अपील की कि अगर टिप्पणी से विपक्षी सदस्य नाराज हैं तो इन शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया जाए। इसके बाद राजनाथ सिंह ने सांसद के बयान पर माफी मांगी। राजनाथ सिंह के इस कदम की विपक्षी सांसदों ने भी तारीफ की।

लोकसभा स्पीकर ने भी रमेश बिधूड़ी को उनके बयान के लिए फटकार लगाई है। स्पीकर ने बिधूड़ी को चेताते हुए उन्हें भविष्य में सतर्कता बरतने को कहा है। स्पीकर ओम बिरला ने भाजपा सांसद से सदन में भाषा की मर्यादा बनाए रखने को कहा है। साथ ही सदन की कार्यवाही से अमर्यादित शब्दों को हटा लिया गया है।

भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा सदन में अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने के बाद बसपा सांसद कुंवर दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। इस पत्र में बसपा सांसद ने लोकसभा स्पीकर से मांग की है कि वह इस मामले को जांच के लिए लोकसभा प्रक्रिया के नियम क्रमांक 222, 226 और 227 के तहत विशेषाधिकार समिति के पास भेजें। बसपा सांसद ने लिखा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि नई संसद में यह घटना हुई, जिसमें एक अल्पसंख्यक सदस्य और संसद के चुने हुए सदस्य के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।

भाजपा ने बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए पार्टी अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के निर्देश पर पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पार्टी सूत्रों ने इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस नोटिस पर उन्हें 15 दिनों के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है।

# उत्तराखंडः यूनिफॉर्म सिविल कोड विशेषज्ञ समिति का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ा

### चार माह के लिए विस्तार के आदेश



**देहरादून।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ समिति का सरकार तीसरी बार कार्यकाल बढ़ा दिया है। समिति का कार्यकाल 27 सितंबर को समाप्त हो रहा था, जिसके चलते चार माह के लिए कार्यकाल बढ़ा दिया गया है।

शासन को विस्तार देने के संबंध में समिति की ओर से प्रस्ताव भेज दिया गया था। विशेष सचिव (गृह) रिद्धिम अग्रवाल ने प्रस्ताव प्राप्त होने की पुष्टि की थी। विशेषज्ञ समिति यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार कर चुकी है। अलबत्ता अभी ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को नहीं सौंपा गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर 27 मई 2022 को सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनाई गई थी। समिति से छह माह में ड्राफ्ट तैयार कर रिपोर्ट देने की अपेक्षा की गई थी, लेकिन तय समय पर ड्राफ्ट तैयार नहीं हो पाया। सरकार ने छह माह का विस्तार दिया। 27 मई 2023 को समिति का कार्यकाल पूरा हुआ और उसे एक बार फिर चार माह का विस्तार दे दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समिति ने ड्राफ्ट बनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट सरकार को नहीं सौंपी जा सकी है। 27 सितंबर को उसका कार्यकाल पूरा हो रहा है। इससे पहले ही अब समिति को विस्तार दे दिया गया।

# दिल्ली, एनसीआर में सभी प्रकार की आतिशबाजी पर प्रतिबंध, ग्रीन पटाखे भी बैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर शुक्रवार को राजधानी में कम प्रदूषण वाले पटाखों (ग्रीन पटाखे) सहित सभी पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में फायरक्रैकर एसोसिएशन द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर) में पटाखों के निर्माण और उपयोग की अनुमति नहीं दे सकती।



शीर्ष अदालत ने राजधानी में पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की विफलता पर भी सवाल उठाया था। एसोसिएशन ने अपनी याचिका में ग्रीन पटाखों में बेहतर बदलाव के साथ बेरियम नामक रसायन को शामिल कर पटाखे की अनुमति देने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन राज्यों में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है, वहां लोग निर्धारित नियमों के अनुसार अपेक्षाकृत ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अदालत का यह आदेश दीपावली के दौरान प्रदूषण के स्तर और अस्थमा एवं अन्य मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बेहद खास है। शीर्ष अदालत ने दोहराया कि पटाखों में बेरियम-आधारित रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले उसके पहले के आदेश दिल्ली-एनसीआर में लागू रहेंगे।

# छुट्टी पर घर आए सैनिक की बाइक दुर्घटना में मौत

### रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत सिरोबाड़ी-ढौंटियाल मार्ग के मध्य हुआ हादसा

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार :** छुट्टी लेकर घर आए एक सैनिक की रिखणीखाल ब्लॉक के सिरोबाड़ी-ढौंटियाल के मध्य पुलिया से समीप हुई बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना में घायल एक अन्य युवक को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती करवाया गया है। सैनिक की कुछ माह पूर्व ही सगाई हुई थी।

रिखणीखाल ब्लॉक के अंतर्गत धामदार निवासी दिलवर सिंह ने बताया कि उनका बेटा मनवर सिंह (27) 6-मैकेनाइज्ड में तैनात था। कुछ दिन पूर्व ही वह एक माह की छुट्टी लेकर कोटद्वार अपने घर आया हुआ था।

बताया कि शुक्रवार को वह अपने परिवार के साथ अपने पैतृक गांव धामदार जा रहे थे। परिवार के अन्य सदस्य मैक्स से जा रहे थे। जबकि, उनका बेटा अपने मित्र कर्तिया निवासी संजय के साथ बाइक से जा रहा था। बताया कि सिरोबाड़ी के समीप एक मैक्स चालक ने उन्हें बताया कि पुलिया के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई है।

उन्होंने मौके पर पहुंचकर देखा तो खाई में उनका बेटा व उसका दोस्त घायलवस्था में पड़े हुए थे।

आसपास मौजूद लोगों की मदद से वह दोनों को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार लेकर आ रहे थे। लेकिन, उनके बेटे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### फरवरी माह में होनी थी शादी

दिलवर सिंह ने बताया कि कुछ माह पूर्व ही उन्होंने अपने बेटे की देहरादून से सगाई की थी। बकायदा फरवरी माह में शादी की तिथि भी तय की गई थी। लेकिन, नियति को कुछ ओर ही मंजूर था। आज उनका बेटा इस दुनिया से चला गया। वहीं, बेस अस्पताल में भर्ती संजय की स्थिति खतरे से बाहर है। उसके सिर व हाथ पर हल्की चोर आई हुई है।

### मुख्यमंत्री ने सचिवालय संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

# संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है: सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय के प्रति प्रदेश की जनता की बड़ी अपेक्षायें रहती है। जनता की अपेक्षाओं पर खड़ा उतरना हमारी जिम्मेदारी है। हम सब सरकार के अंग है तथा राज्य का विकास हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय प्रदेश में सुशासन की नींव है। यहीं से प्रदेश के भविष्य के लिए फैसले लिए जाते हैं और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन होता है। संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाने में कर्मचारियों की बड़ी भूमिका होती है। संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह सुशासन राज्य सरकार का मुख्य ध्येय है। इस ध्येय की प्राप्ति में अधिकारी और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।




शुक्रवार को सचिवालय में सचिवालय संघ के निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने सचिवालय कर्मचारी कल्याण कोष के गठन के लिये 30 लाख की धनराशि प्रदान करने तथा सचिवालय में विजिटर रूम की व्यवस्था बनाये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने चाइल्ड केयर लीव की पूर्ववतः व्यवस्था बनाये रखने आदि की भी बात कही।

मुख्यमंत्री ने सचिवालय संघ के अध्यक्ष श्री सुनील लखेड़ा, उपाध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली, महासचिव राकेश जोशी एवं कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए अपेक्षा की, कि वे प्रदेश के सर्वांगीण विकास एवं आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें राहत देने के लिए और अधिक संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में मददगार बनेंगे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तराखंड सचिवालय में एक नई कार्य संस्कृति, एक नया सौहार्दपूर्ण कार्यव्यवहार का वातावरण आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान नवनिर्वाचित सचिवालय संघ में अधिकांश निर्वाचित सदस्य उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी रहे है। जिन लोगों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया, उन लोगों को इस राज्य के विकास एवं दूर दराज के आम जनमानस की चिंता होगी ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने कहा कि बड़े सघर्षों के बाद उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण हुआ है। हमें जन सेवा का भाव सदैव अपने मन में लाना होगा। जन संतुष्टि का सदैव हमारा प्रयास रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संसाधनों के विकास, निवेश एवं आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिये पर्यटन, उद्योग एवं जीएसटी क्लेक्शन में बढ़ोत्तरी के प्रयास जारी है। इस संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में नई नीतियां बनाई गई है। देश-विदेश के उद्यमी राज्य में निवेश के लिए आए, इसके लिए दिसंबर में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपना एक-एक क्षण राज्यहित एवं विकास के लिए समर्पित करना होगा। हमारे विशिष्ट कार्य ही हमारी पहचान बनाते है। उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान में आपसी संवाद पर ध्यान देने पर बल देते हुए कहा कि हम सबको उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए विकल्प रहित संकल्प के मंत्र को आत्मसात कर सहयोगी बनना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सचिवालय के कार्मिकों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ कर्मचारी हितों में जो भी कार्य होंगे, उन्हें समयबद्ध और सुनियोजित तरीके से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संघ के कतिपय पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचित होने पर भी खुशी जताते हुए कहा कि इससे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में एक संदेश जाएगा कि राज्य की सर्वोच्च संस्था में बैठे अधिकारी कर्मचारी अपने प्रतिनिधियों के चयन में विश्वास एवं उनके समर्पण को ध्यान में रखते हुए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित करते हैं।


## नायडू को नहीं मिल रही राहत, कौशल विकास निगम घोटाले में 24 तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** विजयवाड़ा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। श्री नायडू को शुक्रवार को राजमुंदरी सेंट्रल जेल से एसीबी की अदालत के न्यायाधीश बीएसवी हिमाबिंदु के समक्ष आभासी माध्यम से पेश किया गया। गौरतलब है कि श्री नायडू की 14 दिन की न्यायिक हिरासत आज समाप्त हो रही थी। कयास लगाए जा रहे हैं कि एसीबी अदालत के न्यायाधीश ने श्री नायडू से जेल में उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की है। इस बीच आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय आज श्री नायडू की सजा को रद्द करने को लेकर दायर याचिका पर फैसला सुनाने वाला है।

# नहीं होगा कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह परिसर का वैज्ञानिक सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए निर्देश जारी करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले में सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 26 नियम 11 के तहत आवेदन पर फैसला लंबित है, जो आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा है।

उच्च न्यायालय के मथुरा के विवादित स्थल का वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए निर्देश जारी करने से इनकार करने के फैसले को ट्रस्ट ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि यह दलील नहीं दी जा सकती है कि निचली अदालत के पास आदेश पारित करने का अधिकार क्षेत्र नहीं था और यह भी आग्रह नहीं किया जा सकता है कि स्थानांतरण के बाद अकेले उच्च न्यायालय को पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार का प्रयोग करना चाहिए था। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि



### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

उच्च न्यायालय इस मामले की योग्यता (सुनवाई करने योग्य है या नहीं) समेत अन्य पहलुओं पर विचार कर रहा है, लिहाजा याचिकाकर्ता को वहां जाना चाहिए। न्यायमूर्ति कौल ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से पूछा कि आप एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ यहां क्यों आए हैं।

इस पर श्री भाटिया ने कहा कि जब मुकदमा उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया था, तो निचली अदालत को उक्त आदेश पारित नहीं करना चाहिए था। इस पर पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि निचली अदालत ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने इस साल जुलाई में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें मथुरा के सिविल अदालत को आवेदन के निपटारे से पहले कृष्णजन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए आवेदन पर फैसला लेने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी। मस्जिद की प्रबंधन समिति और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इस मुकदमे पर आपत्ति जताई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इसे अनुच्छेद 136 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का मामला नहीं मानती, और खासकर अंतरिम आदेश के खिलाफ तो बिल्कुल ही नहीं मानती कि वह अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने उस मामले का निपटारा कर दिया।

# सीएम धामी ने किए सचिवालय सुरक्षा दल के 15 रक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित सचिवालय सुरक्षा दल के 15 रक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की सचिवालय सुरक्षा दल के चयनित रक्षक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए हम सबको अपने–अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य कर प्रदेश के समग्र विकास में योगदान देना होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी भी उपस्थित थी।

### डीएम ने की डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम अभियान की वार्डवार समीक्षा

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु गठित की गई टीमों से प्रतिदिन चलाए गए अभियान की वार्डवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि डेंगू नियंत्रण हेतु प्रभावी अभियान चलाया जाए। विभिन्न टीमों को स्कूलों में लार्वा पाये जाने तथा कई स्कूलों द्वारा बच्चों को पूरी बाजू की ड्रेस में नही पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि स्कूलों के प्रबन्धकों/संचालकों/प्रधानाध्यापकों को निर्देशित कर लिया जाए कि स्कूल पूरी बाजू की ड्रेस में बुलाये ऐसा न करने वालो स्कूलों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ निर्देशित किया कि स्कूलों का औचक निरीक्षण करें लापरवाही करने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्यवाही के साथ ही अर्थदण्ड भी लगाया जाए।

## सीडीओ कमठान ने की भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं के आवेदन बैंक स्तर पर लम्बित होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि बैंक एक सप्ताह के भीतर लम्बित आवेदनों का निस्तारण करते हुए प्रगति आख्या से अवगत करायें। साथ ही प्रबन्धक क्षेत्रीय अग्रणी बैंक को निर्देश दिए कि जिन बैंकों द्वारा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरती जा रही है ऐसे सहयोग न करने वाले बैंको को उनकी ओर से नोटिस प्रेषित करें। साथ ही निर्देशित किया कि बैंक प्रत्येक सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट से अवगत करायें तथा 15 दिन के अन्तराल में समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक को दिए। उन्होंने नगर निगम, पर्यटन, कृषि विभाग के अधिकारियों सहित जीएमडीआईसी को निर्देश दिए सम्बन्धित विभाग बैंक से समन्वय करते हुए योजनाओं की प्रगति शत् प्रतिशत् बढायें।

बैठक में क्षेत्रीय प्रबन्धक जिला अग्रीण बैंक संजय भाटिया, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी, नगर निगम देहरादून एवं ऋषिकेश सहित समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, बैंकों के प्रबन्धक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने किया सचिवालय एथलेटिक्स एण्ड फिटनेस क्लब की पत्रिका का विमोचन




देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में सचिवालय एथलेटिक्स एंड फिटनेस क्लब की वार्षिक पत्रिका संकल्प का विमोचन किया। उन्होंने सभी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस पत्रिका में सचिवालय परिवार के सभी अधिकारी कर्मचारियों की बेहतर स्वास्थ्य के लिए विचार दिए गए हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, क्लब के अध्यक्ष श्री ललित चंद्र जोशी, पत्रिका के संपादक श्रीमती शारदा शर्मा, महासचिव श्री राजेंद्र प्रसाद जोशी,, श्री अनिल कुमार शर्मा, तथा श्री सी 0एस 0 बोरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### डॉक्टर पर लगाया अभद्रता का आरोप

नई टिहरी : प्रतापनगर ब्लाक के जनप्रतिनिधियों ने डीएम मयूर दीक्षित को शिकायत पत्र सौंपकर सीएचसी प्रतापनगर में कार्यरत डॉक्टर पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए तत्काल हटाने की मांग की है।

एक सप्ताह के भीतर न हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रतापनगर ब्लाक के जनप्रतिनिधियों में खोलगढ़ पल्ला की प्रधान आरती रावत, मिश्रवाण गांव के बीडीसी मेंबर संजय रावत, प्रधान दिनेश जोशी, खोलगढ़ के बीडीसी मेंबर पुरूषोत्तम पंवार डीएम दीक्षित को लिखे पत्र में कहा कि अगर एक सप्ताह के भीतर उन्हें नहीं हटाया गया, तो जनप्रतिनिधि आंदोलन को मजबूर होंगे।

## डेंगू की रोकथाम के अभियान जारी, अब तक 13847 घरों का किया सर्वे



रुद्रप्रयाग : जिले में डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग का अभियान जारी है। अब तक 13847 घरों का सर्वे व 23908 कंटेनर की जांच की जा चुकी है। जबकि जागरूकता को लेकर 16 मई से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्कूल व ग्राम स्तर पर निरंतर जागरूकता गोष्ठियां की जा रही हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि डेंगू की रोकथाम के लिए जनपद में सर्तकता बरतते हुए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य टीमों द्वारा अब तक 13875 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें 50226 लोगों की डेंगू बुखार से लक्षणों के बाबत जानकारी जुटाई गईं। बताया कि सर्वे में 81 लोगों में बुखार के लक्षण मिलने पर उनका डेंगू टेस्ट किया गया। 81 में अब तक 6 डेंगू पॉजिटिव पाए गए, जबकि शेष 74 सामान्य वायरल फीवर से ग्रसित मिले। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक रिपोर्ट हुए डेंगू पॉजिटिव की पड़ताल की गई, जिसमें 6 में से 5 मामलों से संबंधित डेंगू पीड़ितों की मैदानी इलाकों में ट्रेवलिंग हिस्ट्री पाई गई।

उन्होंने बताया कि सभी 6 लोगों का स्वास्थ्य अब ठीक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि व जखोली तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में डेंगू किट के माध्यम से जांच की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि अब तक 723 लोगों की डेंगू किट के माध्यम से जांच की गई।

## एक नजर

### ठेकेदारों ने मुख्य अभियंता सिंचाई कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया

विकासनगर। बीते 14 सितंबर को प्रकाशित निविदा को निरस्त करने की मांग को लेकर ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग उत्तराखंड के कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ठेकेदारों ने सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि विकास खंड कालसी में विभाग ने कई निर्माण कार्यों की एक ही बड़ी ई–निविदा जारी की है। जिससे बड़े ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि छोटे ठेकेदारों को नुकसान हो रहा है। ठेकेदारों ने बड़े टेंडर निरस्त कर छोटे–छोटे टेंडर लगाने की मांग की है। ठेकेदार संघ ने मुख्य अभियंता सिंचाई को सौंपे ज्ञापन में कहा कि विभाग के अधिशासी अभियंता ने कालसी ब्लॉक के साहिया क्षेत्र में मंडी पुल से बस्ती, राइंका, सीएचसी व कृषि भूमि के बचाव के लिए अमलावा नदी में बाढ सुरक्षा कार्यों के लिए करीब तीन करोड़ रुपये की ई–निविदा प्रकाशित की है। कहा कि उक्त निविदा के जारी किये जाने से क्षेत्र के पंजीकृत ठेकेदारों में आक्रोश व्याप्त है।

### सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर महिलाओं को मिलेः मधु

विकासनगर। बाल विकास परियोजना कालसी के अंतर्गत पोषण माह का कार्यक्रम शुक्रवार को ब्लॉक सभागार कालसी में आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को मोटे अनाज व स्थानीय सब्जियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा मधु चौहान ने किया।

उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ महिलाओं को समय पर दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी अंजू बडोला द्वारा महिलाओं को पोषण के पांच सूत्र के बारे में जानकारी दी गई। आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण पर एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया, जिसे मौजूद सभी लोगों द्वारा खूब सराहा गया।

## आढ़त बाजार निर्माण में तेजी लाने के निर्देश



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में उच्चाधिकारियों के साथ आढ़त बाजार के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियो को आढ़त बाजार निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने एमडीडीए से कार्य शुरू होने से पूर्ण होने तक प्रत्येक स्तर पर कार्य पूर्ण होने की समयसारणी की भी मांग की। मुख्य सचिव ने कहा कि क्षेत्र का विकास करते समय सभी बुनियादी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। अग्निशमन आदि के लिए उचित स्थान निर्धारित किया जाए। चयनित भूमि का अधिक से अधिक एवं बेहतर तरीके से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यां की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि हितधारकों से परामर्श लेते हुए दुकानों का आबंटन पूर्व में ही कर लिया जाए, ताकि व्यापारी को पता हो कि उसे कौन सी दुकान आवंटित है। व्यापारी को आवंटित दुकान का डिजाईन उसके कार्य के अनुरूप हो इसके लिए उनसे सुझाव अवश्य लिए जाएं। उन्होंने कहा कि दुकान आवंटित हो जाने के बाद व्यापारी स्वयं भी कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रख सकेंगे।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री एस.एन. पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण श्री बंशीधर तिवारी एवं अपर सचिव श्री विनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मोबाइल टावर लगाने के विरोध में उतरे लोग

ऋषिकेश। भानियावाला मार्केट में मोबाइल टावर लगाने के कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने एसडीएम से क्षेत्र में नया मोबाइल टावर नहीं लगाने देने की मांग की। शुक्रवार को भानियावाला के लोग डोईवाला तहसील में एसडीएम से मिले। सभासद ईश्वर रौथान ने कहा कि डोईवाला के भानियावाला मेन मार्केट में मोबाइल टावर लगाने का काम शुरू किया गया है। यह टावर दूसरी मंजिल पर लगाया जा रहा है। जबकि पूर्व में जमीन पर लगे कई टावर जौलीग्रांट एयरपोर्ट की वजह से हटवा दिए गए थे। ऐसे में इस टावर की परमिशन कैसे दी गई है। कहा कि कुछ समय पहले भी यह टावर लगाया जा रहा था, लेकिन क्षेत्रवासियों के विरोध के बाद इसे रुकवाया गया था और

## यूपी व पीजी के परीक्षाफल घोषित किए

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय ने सेमेस्टर पद्धति में संचालित सत्र 2022-23 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर किए हैं। समय से परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विवि के कुलपति प्रो एनके जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते कर्मचारी को बधाई दी है।

विवि ने स्नातक स्तर के बीएससी षष्टम सेमेस्टर, बीकाम षष्टम सेमेस्टर तथा बीकाम आनर्स षष्टम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम तथा स्नातकोत्तर स्तर में कला संकाय के अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, कला, भूगोल, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, संगीत, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, समाजशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर तथा विज्ञान संकाय के गणित, मानव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, रक्षा एवं अध्ययन, भू–गर्भ विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान के चतुर्थ सेमेस्टर एवं वाणिज्य संकाय के एमकाम चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी अध्ययनरत् छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2023–24 को नियंत्रित करने एवं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय ने पूर्ण प्रयास किया जा रहा है।

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मंडल अध्यक्ष नियुक्त करेगी कांग्रेस

ऋषिकेश। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा व निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। शुक्रवार को कांग्रेस पदाधिकारियों ने ऋषिकेश विधानसभा के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में मंडल का गठन करने के लिए बैठक की। वक्ताओं ने कहा कि जल्द ही मंडल अध्यक्षों का चयन कर कार्यकारिणी गठित की जाएगी। शुक्रवार को गढ़ी स्थित बरातघर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें ऋषिकेश विधानसभा के गुमानीवाला, भट्टोंवाला, गढ़ी मयचक, खैंरी खुर्द व खैंरी कलां ग्रामसभा के कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. केएस राणा ने कहा कि संगठन की मजबूती को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि पूरे देश में ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय पंचायत के व शहरी क्षेत्रों में वार्डों के लगभग 20 बूथ स्तर पर एक मंडल का गठन कर उसकी कार्यकारिणी घोषित की जाएगी। जोकि ब्लॉक कमेटी के आधीन कार्य करेगी और बूथ स्तर पर बीएलओ बनाकर नये कार्यकर्ता को जोड़ने का काम करेगी। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि जल्द ही ऋषिकेश विधानसभा के महानगर और श्यामपुर ब्लॉक में छह मंडलों को गठित कर उनकी कार्यकारिणी घोषित होगी। जबकि रायवाला ब्लॉक के दोनों मंडलों का गठन पूर्व में कर दिया गया है।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम पर रैली निकाली

विकासनगर। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पंचायत सेलाकुई के प्रगति विहार में रैली निकाली गई, जिसमें देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के आह्वान पर मेरा माटी मेरा देश के तहत मिट्टी और चावल को एक कलश में एकत्र किया गया।

सेलाकुई प्रगति विहार में विधायक प्रतिनिधि अनिल नौटियाल के नेतृत्व में कर्मचारी और नगर की जनता ने रैली के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दी। जिन सभी को विधायक प्रतिनिधि नौटियाल ने इस मोहिम को सफल बनाने की शपथ भी दिलाई।

## नारी शक्ति को विशेष सम्मान मिलाः प्रेमचंद



ऋषिकेश। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पास होने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है। भाजपाइयों ने विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर मिठाई वितरित की और खुशी का इजहार किया। शुक्रवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यक्रम हुआ। जिसमें भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को मिठाई खिलाकर महिला आरक्षण बिल पास होने पर खुशी जताई। मंत्री प्रेमचंद ने भी सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित होना महिलाओं के लिए हर्ष की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह इतिहास रचा गया है। राज्यसभा में बिल के पक्ष में 215 वोट पड़े, जबकि विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। कहा कि नारी शक्ति को एक विशेष सम्मान सिर्फ विधेयक पारित होने से मिलेगा। इस विधेयक के प्रति देश के सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना ये हमारे देश की नारी शक्ति को नई ऊर्जा देने वाली है। राज्यसभा में वोटिंग में सभी सांसदों ने एक सुर में बिल को समर्थन दिया। यह अपने आप में बड़ी बात है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कविता शाह ने पीएम मोदी का आभार जताया। कहा कि हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक निर्णायक क्षण महिला आरक्षण बिल पास होना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने के साथ, हम भारत की महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के युग की शुरुआत हुई है। मौके पर मोर्चा की मंडल अध्यक्ष माधवी गुप्ता, निर्मला उनियाल, पार्षद तनु तेवतिया, जिला महामंत्री अनिता प्रधान, गीता मित्तल, पूनम कंडवाल, निवेदिता सरकार, पिंकी धस्माना, ममता सकलानी, गीता थापा, भावना किशोर गौड़, तनु रस्तोगी, माया घले, रीता असवाल, सुधा असवाल, श्वेता, मनोरमा, शिला अग्रवाल, आशा पुन, शीतल क्षेत्री, माया थापा आदि उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को ऋषिकेश से गंगासागर की साइकिल यात्रा शुरू



ऋषिकेश। ब्लू राइडर साइकिल क्लब ऋषिकेश के सदस्य गुरदेव कुकरेती पर्यावरण संरक्षण को लेकर मिशाल पेश कर रहे हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए ऋषिकेश से गंगासागर तक 1800 किमी की साइकिल यात्रा शुरू कर दी है। शुक्रवार को ब्लू राइडर साइकिल क्लब ऋषिकेश ने त्रिवेणीघाट पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसके तहत घाट पर गंगा पूजन कर पर्यावरण बचाओ संदेश के साथ साइकलिस्ट गुरदेव सिंह द्वारा ऋषिकेश से गंगासागर तक निकाली जा रही साइकिल यात्रा का शुभारंभ किया गया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह, कांग्रेस नेता शैलेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान ने संयुक्त रूप से साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाई। ब्लू राइडर के सदस्यों ने गुरदेव कुकरेती को सम्मानित किया और पांच किलोमीटर तक उनके साथ साइकिल यात्रा कर उन्हें रवाना किया। ब्लू राइडर अध्यक्ष ज्योति प्रकाश शर्मा ने कहा कि गुरदेव कुकरेती संस्था के सदस्य है। उन्होंने ऋषिकेश से गंगासागर तक 1800 किमी साइकिल यात्रा प्रारंभ की है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है। क्लब सदस्य अब्दुल रहमान ने कहा कि गुरुदेव कुकरेती पर्यावरण संरक्षण की भावना को लेकर लंबी दूरी की साइकिल यात्रा पर निकले हैं, जो सराहनीय है।

### चोरी के मोबाइल संग युवक गिरफ्तार

ऋषिकेश। केशवपुरी बस्ती में घर से मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी में पुलिस ने आरोपी से चोरी का मोबाइल बरामद किया है। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक बुधवार को सुलेखा देवी पत्नी दिनेश ने घर से मोबाइल चोरी होने की शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने शुक्रवार को राजीव नगर तिराहे से आरोपी रोहित उर्फ मलिंगा पुत्र भरतू निवासी गोदलपुरा बडगांव, झारखंड हाल निवासी केशवपुरी बस्ती, डोईवाला को गिरफ्तार किया।

## छात्र छात्राओं के बीच सैंडविच प्रतियोगिता आयोजित की

विकासनगर। लिटिल एंजेल्स स्कूल सेलाकुई में शुक्रवार को छात्र–छात्राओं के बीच सैंडविच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छोटे–छोटे छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही खाना बनाते समय साफ–सफाई कैसे रखी जाती है, इसके बारे में भी बताया गया। सेलाकुई खैरी में स्थित लिटिल एंजेल स्कूल में आयोजित सैंडविच प्रतियोगिता में तीन गतिविधियों में सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें छात्र–छात्राओं को क्रय और विक्रय की संकलपना को मजबूत करने के लिए सब्जियों और दूसरे खाने वाली वस्तुओं के छोटे स्टाल लगाए गए। जिसमें बच्चों द्वारा कई प्रकार के सैंडविच बनाए गए जैसे वेज सैंडविच ,पनीर सैंडविच ,आलू सैंडविच सैंडविच, जेम्स सैंडविच और अध्यापिकाओं ने सभी बच्चों को सैंडविच बनाने की विधि बताई और उन्हें यह भी बताया कि जब वह घर पर अकेले हो तो वह बिना आग के कैसे खाना बनाकर अपनी भूख मिटा सकते हैं। प्रतियोगिता में बच्चों को खाना बनाते समय साफ सफाई कैसे रखी जाती है, इसके बारे में भी बताया गया।

## कोटद्वार डिपो में तैनात परिचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड परिवहन निगम के कोटद्वार डिपो में परिचालक पद पर तैनात एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

शुक्रवार को पूर्वी झंडीचौड़ निवासी मुकेश (42 वर्ष) कुछ लोगों को मोटाढांक रास्ते में स्कूटी के हैंडल पर लटके हुए दिखाई दिए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें 108 की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मुकेश झंडीचौड़ से बाजार आए हुए थे। प्रथम दृष्ट्या मामला हार्ट अटैक का नजर आ रहा है। मृत्यु के वास्तविक कारणों की जांच को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

# अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, कोटद्वार में कर रहे थे चोरी का प्रयास

### दोनों बदमाशों ने कुछ दिन पूर्व दिल्ली से चोरी की थी दो मोटरसाइकिलें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दिल्ली से बाइक चोरी करने के बाद कोटद्वार में चोरी का प्रयास कर रहे दो अंतरराज्यीय बाइक चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी की गई बाइकों के साथ ही दस से अधिक चाबियां बरामद की हैं।

गुरुवार शाम पुलिस नजीबाबाद रोड की ओर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि दो युवक एचडीएफसी बैंक के बाहर खड़ी बाइक पर चाबी लागाकर उसे चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक कहीं नजर नहीं आए। इसके बाद पुलिस उनकी तलाश में कौड़िया गब्बर सिंह कैंप की ओर चली गई। इसी दौरान पुलिस को दोनों युवक सड़क किनारे बाइक पर



कोटद्वार कोतवाली पुलिस की हिरासत में पकड़े गए बाइक चोर

चाबी लगाते हुए उसका हैंडल मोड़ते हुए नजर आए। पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर तलाशी ली तो उनकी जेब से बाइक की दस से अधिक चाबी बरामद हुई। सख्ती से पूछताछ करने पर युवकों ने बताया कि वह सड़क किनारे खड़ी बाइक को चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कुछ दिन पूर्व दिल्ली में जामिया नगर साउथ इस्ट से भी दो बाइक चोरी की थी। जिन्हें कुछ दूर सड़क किनारे खड़ा किया हुआ है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि पुलिस आरोपितों को मौके पर लेकर पहुंची और दिल्ली से चोरी की गई बाइकों को भी बरामद कर लिया। आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर नहटौर निवासी समीर व अनस के रूप में हुई है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आपदा की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री से मांगा बजट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण व पार्षदों ने आपदा की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री से आपदा पैकेज उपलब्ध करवाने की मांग की है। कहा कि जनता के हित को देखते हुए जल्द पैकेज उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण के नेतृत्व में पार्षदों ने देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। विस अध्यक्ष ने सीएम को बताया कि जुलाई व अगस्त माह में आई आपदा से कोटद्वार क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। विभागवार क्षतिग्रस्त सार्वजनिक, विभागीय परिसंपत्तियों का आंकलन कुल 69.45 करोड़ रुपये लगाया गया है। कहा कि सरकार को अविलंब आपदा की भरवाई के लिए कोटद्वार को यह पैकेज उपलब्ध करवाना चाहिए। विस अध्यक्ष ने राज्य आकस्मिता निधि अथवा अन्य किसी मद के माध्यम से राहत प्रदान करने हुए आर्थिक पैकेज देने की मांग उठाई। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा अध्यक्ष व पार्षदों को जल्द ही इस पर गंभीरता से ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर पार्षद कमल नेगी, कुलदीप रावत, सुभाष पांडे, नंदकिशोर, दीपक लखेडा, जयदीप नौटियाल, मनीष भट्ट, धीरज सिंह, गायत्री भट्ट, नीरू बाला खंतवाल, पंकज भाटिया, आशा डबराल आदि मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करती विस अध्यक्ष व पार्षद ।

## स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**कोटद्वार** : कोतवाली पुलिस ने 4.10 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक नवीन पुरोहित ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को काशीरामपुर तल्ला में गुलर पुल के समीप एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि जब युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसकी जेब से स्मैक बरामद हो गई। युवक की पहचान कौड़िया कैंप निवासी वसीम के रूप में हुई है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सतपुली** : जिले में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन अवैध शराब पकड़ी जा रही है। सतपुली पुलिस ने चेकिंग के दौरान 14 बोतल अवैध शराब बरामद की है। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी सतपुली लाखन सिंह ने बताया कि पुलिस लगातार अवैध तस्करी को लेकर अभियान चला रही है। गुरुवार की रात को चेकिंग के दौरान कलेथ निवासी अज्जू से साढ़े 14 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जिस पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल अमित कुमार, होमगार्ड धर्मेंद्र सिंह शामिल थे।

# घर से अस्पताल गई महिला बेटे समेत लापता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल थाना धुमाकोट अंतर्गत तैलीपखोली की एक विवाहित युवती अपने तीन वर्षीय बालक के साथ कहीं चली गई है। विवाहिता बीरोंखाल अस्पताल गई थी। विवाहिता के पिता ने थाना धुमाकोटी में पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने विवाहिता की खोजबीन शुरू कर दी है।

धुमाकोट थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि महिला की खोजबीन करने के लिए एसआई अजय कुमार रमन को जांच सौंपी हैं। तैलीपखोली निवासी बीरेंन्द्र कुमार पुत्र चमनलाल ने बताया कि उसकी पुत्री दिव्या घोलिया पुत्र प्रतीक को लेकर सोलह सितंबर सुबह घर से बीरोंखाल अस्पताल गई थी, लेकिन वह शाम तक घर वापस नहीं पंहुची। इधर-उधर रिस्तेदारों व उसके ससुराल रिखणीखाल से भी संपर्क किया परंतु उसका कोई पता नहीं लगा। फोन भी स्वीच ऑफ आ रहा है। थाना धुमाकोट एसआई अजय कुमार रमन ने बताया कि महिला की खोजबीन जारी हैं, फोन स्वीच आफ आ रहा है। फोन ट्रेस किया जा रहा है।

## 26 अक्टूबर से शुरू होगी रामलीला, रिहर्सल शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : नगर पंचायत सतपुली में आगामी 26 अक्टूबर से शुरू होने वाली रामलीला के मंचन की रिहर्सल शुरू हो गई है, जो कि रामलीला मैदान में शाम 5 बजे से 8 बजे तक चल रही है। नयार घाटी रामलीला समिति के अध्यक्ष मनीष रौतेला ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का मंचन दशहरे के बाद 26 अक्टूबर से 6 नवंबर तक शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। इस बार नए पात्रों को मौका दिया जा रहा है।

# अविरल पंत व सौरभ पांडेय का किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की प्रदेश कमेटी की ओर से कोटद्वार के सौरभ पांडेय और अविरल पंत को प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस की ओर से दोनों पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि दोनों ही युवा कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उनको प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी देने से संगठन मजबूत होगा। कहा कि




कोटद्वार में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते कांग्रेसी

पार्टी को बूथ स्तर से मजबूत बनाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। मौके पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों की तैयारी में अभी से जुट जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता प्रवेश रावत, रमेश खंतवाल, बलबीर सिंह रावत, गुड्डू सिंह चौहान, शिवम भूषण शाह, अमितराज सिंह, मनोज रावत और राजा आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बच्चों को बांटी पठन सामग्री

पौड़ी : घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कालेज द्वारा जूनयिर स्कूल घुड़दौड़ी में बच्चों को पठन साम्रगी वितरित की गई। इस दौरान घुड़दौड़ी इंजीनियरिंग कालेज के प्रभारी निदेशक डा. वीएन काला ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। बताया गया कि कालेज द्वारा यह कार्य आईईईई ब्राच चैप्टर के तहत चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्थान के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस मौके पर डा. संजय गैरोला, डा. केएस भाटिया, डा. मनोज कुमार, पुष्कर प्रवीण, डा. अजय कुमार आदि शामिल थे।

# ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : स्वर्गीय रोशनी आर्य पत्नी मदन लाल आर्य मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज एकेश्वर में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे एकेश्वर, नौगांवखाल व खाल्यूंखेत के विद्यालयों में अध्ययनरत 10 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति भेंट की गई। छात्रवृत्ति के रूप में प्रत्येक छात्र–छात्रा को एक हजार रू. की धनराशि के चेक प्रदान किए गए। ट्रस्ट अध्यक्ष मदनलाल आर्य ने बच्चों का आह्वान किया



विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देते ट्रस्ट के सदस्य

कि वे विज्ञान की ओर बढ़ें। ट्रस्ट उनकी मदद करने के लिए हमेशा तत्पर है। प्रधानाचार्य एल आर वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट ने छात्रवृत्ति प्रदान कर छात्रों में शिक्षा का विस्तार करने का कार्य किया है, जिसके लिए वे ट्रस्ट के आभारी रहेंगे। कार्यक्रम में अशोक शर्मा, सुरेंद्र लाल आर्य, विकास कुमार, देवेंद्र कुमार व नरेश प्रसाद सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : स्वास्थ्य ही सेवा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को राजकीय चिकित्सालय में नगर पंचायत सतपुली में कार्यरत सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस दौरान सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए.इस मौके पर पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मचारी शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने में मददगार साबित होते हैं। कहा कि गंदगी कई बीमारियों की जड़ है। इसलिए लोगों को घर के आस-पास के स्थानों की नियमित



राजकीय चिकित्सालय सतपुली में चिकित्सक सफाई कर्मचारी की जांच करते हुए।

सफाई करनी चाहिए। शिविर में चिकिसाधिकारी सतपुली डॉ. आशीष दानू, डॉ. स्मृति, डॉ. अंकिता ने 13 सफाई कर्मियों की जांच की। इस मौके पर पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, रत्नेश बौठियाल, नगर पंचायत के कर्मचारी समेत सफाई मित्र संजीव, अंकित, बलजीत, सुभाष आदि मौजूद थे।

## युवाओं को होम स्टे सहित अन्य व्यवसाय के लिए किया प्रेरित

**श्रीनगर गढ़वाल** : उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से प्रत्येक जनपद में टूरिस्ट डेस्टिनेशन गाइड कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम गढ़वाल विश्वविद्यालय और इंटेक के सहयोग से संपन्न किया गया। जिसमें युवाओं को नेचर गाइड, तीर्थ यात्रा गाइड, हेरिटेज गाइड, माउंटेन गाइड आदि में प्रशिक्षित किया गया। साथ ही युवाओं को होम स्टे सहित अन्य व्यवसायों की ओर भी प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की अपर निदेशक पूनम चंद ने सभी प्रशिक्षित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया है। गढ़वाल विवि के पर्यटन विभाग के डॉ. सर्वेश उनियाल ने बताया कि टिहरी, उत्तरकाशी और पौड़ी जनपद से लगभग बीस गाइड पूर्ण रूप से इस व्यवसाय से लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि कोर्स के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को नेचर गाइड, तीर्थ यात्रा गाइड, हेरिटेज गाइड, माउंटेन गाइड सहित होम स्टे के लिए प्रोत्साहित किया गया। कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को लाइसेंस निर्गत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# दंगलेश्वर मंदिर में चोरी का प्रयास



दंगलेश्वर महादेव मंदिर में चोरों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए सीसीटीवी कैमरे।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : जयहरीखाल ब्लॉक और सतपुली के निकट दंगलेश्वर महादेव मंदिर में गुरूवार देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने सीसीटीवी कैमरे तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन मंदिर में पुजारी के होने के कारण चोरी करने में सफल नहीं हो पाया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि जब वह रोज की भांति शाम को मंदिर पहुंचे तो उन्हें मंदिर के सीसीटीवी कैमरे तोड़े जानी की जानकारी पुजारी ने दी।

जिस पर उन्होंने घटना की सूचना पट्टी पटवारी को फोन पर दी। साथ ही इस घटना की जानकारी सतपुली थाने में भी दे दी। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे में चोर द्वारा रात्री 12.44 पर बड़ी चालाकी से कैमरों को तोड़ा गया है और अपना चेहरा ढका हुआ था। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है, किन्तु राजस्व पुलिस और रेगुलर पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दे दी गई है।

वहीं पट्टी पटवारी बृजभूषण बमराडा द्वारा मौका मुआयना किया गया है और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

साथ ही सतपुली पुलिस द्वारा भी इस मामले में अपनी और से छानबीन की जा रही है।

## कल से पौड़ी में लगेगी गढ़वाली फिल्म जै मां धारी देवी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : उत्तराखंड फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले बनी पहली उत्तराखंडी धार्मिक फीचर फिल्म जै मां धारी देवी 24 सितंबर से पौड़ी के प्रेक्षागृह में दिखाई जाएगी। फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। फिल्म को देखन के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचेगें।

यह फिल्म इससे पूर्व दिल्ली, देहरादून, टिहरी, ऋषिकेश, श्रीनगर में लग चुकी है। फिल्म के निर्माता निर्देशक देबू रावत ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह फिल्म मां धारी देवी की महिला, वरदान, आस्था और चमत्कार पर धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक कहानी पर आधारित है। फिल्म में सह निर्माता महेंद्र नेगी, सरला महेंद्र नेगी और रजनी रावत है। डिजीटल निर्माता सोहन उनियाल, डीओपी मनोज प्रसाद सती, गीत व संगीत गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी का है। मुख्य गायक नरेंद्र सिंह नेगी के साथ ही मीना राणा, अंजली खरे, मंजू सुंद्रियाल और लेखराज भंडारी है। फिल्म में गौरव गैरोला, शिवानी भंडारी, पूजा काला, सुमन गौड़, गीता उनियाल, राजेश मालगुड़ी, अजय सिंह बिष्ट, राजेश जोशी और आनंद सिलस्वाल है। इस मौके पर अनिल बिष्ट, अरूण हिमेश आदि मौजूद रहे।

# कल्जीखाल और थलीसैंण में महिलाओं को पोषण किट वितरित की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी/थलीसैंण** : बाल विकास परियोजना कल्जीखाल में पोषण माह के अवसर पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोषण माह का मुख्य लक्ष्य पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार खाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।



राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण में महिला को किट वितरित करते हुए अधिकारी।

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां एवं उचित खानपान के बारे में बताया गया। इस दौरान महिलाओं को पोषण किट प्रदान की गई। कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख अर्जुन पटवाल द्वारा इनका तिलक भी किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने स्थानीय खाद्य पदार्थों के सेवन एवं समय-समय पर कराने वाली स्वास्थ्य जांच एवं विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सीडीपीओ कल्जीखाल अंजू चमोली, लाभार्थी महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्तियां, सहायिकाएं आदि मौजूद रहे।

वहीं राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण में बाल विकास विभाग की ओर से पोषण माह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राइंकॉ थलीसैंण के प्रधानाचार्य ने मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट वितरित की। इस दौरान महिलाओं को पोषण के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती साम्बरी भट्ट ने भारत सरकार के मिलेट मिशन के अन्तर्गत आने वाले मोटे अनाज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाजरा लौह लवण से भरपूर होता है इसलिए शरीर में यह खून की कमी को दूर करने में सहायता करता है। वहीं ज्वार शरीर की हड्डियों के लिए अच्छी मात्रा में कैल्शियम, खून के लिए फॉलिक एसिड के अलावा कई अन्य पोषक तत्व प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाजों के सेवन से कैल्शियम की कमी नहीं होती है।

# स्मैक के साथ रेशमा गैंग का सुल्तान दबोचा

काशीपुर। पुलिस ने एक तस्कर से 1.024 किलोग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। पकड़ा गया आरोपी रेशमा गैंग का सक्रिय सदस्य बताया गया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नए ढेला पुल पर मोहल्ला थानासाबिक निवासी सुल्तान खां पुत्र मन्ने खां को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1.024 किग्रा स्मैक बरामद हुई है। आरोपी बिजली का मैकेनिक है। अधिक पैसा कमाने की चाहत में स्मैक की तस्करी के धंधे में फंस गया। रेशमा के सहयोगी अमीरुद्दीन के जेल जाने के बाद वह रेशमा के लिए काम करने लगा था। वह बरेली से स्मैक लाकर काशीपुर व आस–पास सप्लाई देने लगा था। आरोपी ने बताया कि उसने रेशमा गैंग की दूसरी पैडलर शमीम जहां पत्नी मौ. जुनैद उर्फ बबलूढोडी और उसके बेटे अनस से भी वह कई बार माल ले चुका है। अनस और शमीम जहां भी स्मैक तस्करी में पकड़े जा चुके हैं। पूछताछ में सुल्तान ने बताया कि रेशमा ने ही अनस के हाथों उसकी मां शमीम जहां को स्मैक भिजवायी थी। जो उसने आगे सप्लाई के लिए शमीम जहां से प्राप्त कर ली। उसे माल पहुंचाने के लिए रेशमा के फोन का इंतेजार था कि इससे पहले ही धरा गया। पुलिस टीम को एसएसपी ने ढाई हजार रुपए व डीआईजी ने पांच हजार रुपए का पुरस्कार दिया है। टीम में क्षेत्राधिकारी बाजपुर भूपेन्द्र भंडारी, कोतवाल मनोज रतूड़ी, एसएसआई प्रदीप मिश्रा,थानाध्यक्ष झनकईयां रविन्द्र बिष्ट, एसआई सुनील सुतेड़ी, एसआई नवीन बुधानी, एसआई देवेन्द्र सामंत आदि थे।



## भूमि बचाओ आंदोलन में 21 लोग बैठे क्रमिक अनशन पर

काशीपुर। 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के भूमिधरी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे भूमि बचाओ आंदोलन में गुरूवार को 21 लोगों क्रमिक अनशन पर बैठे। आंदोलनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। गुरुवार को आंदोलन स्थल पर मनिंदर सिंह खैरा, गुरविंदर सिंह संधू, विक्रम सिंह, सतपाल सिंह, गुरप्रताप सिंह, लवपाल खैरा, जसमीत भुल्लर, मोनी भुल्लर, जगराज सिंह, शेर सिंह, शेर सिंह, जसवतं सिंह, कुलवत सिंह, अमरनाथ शर्मा, हरदेव सिंह, चैन सिंह, गुरप्रीत सिंह, जसवीर सिंह भुल्लर, मलूक सिंह, मंगल सिंह, सिबेग सिंह बैठे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता करम सिंह पड्डा, संचालन सनी निज्जर एवं विक्रम सिंह लड्डू ने किया।

# एबीवीपी की नगर और कॉलेज इकाई का विस्तार



रुद्रपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नीरज सिंह धामी के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर व कॉलेज इकाई का विस्तार किया गया। इसमें नगर अध्यक्ष भीम जोशी, नगर मंत्री नरेंद्र थापा, नगर छात्रा प्रमुख दिया बिष्ट, कॉलेज अध्यक्ष रोहित जोशी, कॉलेज मंत्री शुभम भट्ट, तहसील संयोजक निखिल पाण्डये, ब्लॉक संयोजक अशर्फी वर्मा, नगर सह मंत्री ऋषि रस्तोगी, सोनी, निशांत राणा, कुनाल सक्सेना, गोविंद मौर्या, शुभम पटवा, नगर मीडिया प्रभारी दीपक सामन्त, महेश,कॉलेज उपाध्यक्ष अंजलि पाण्डे, कुसुम, खुशी, शिवम पांडे व अर्पित को चुना गया।

# भाजपा ने फूंका विधायक बिष्ट का पुतला



बागेश्वर। बागेश्वर भाजपा नगर मंडल ने द्वाराहाट के विधायक बदन बिष्ट का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि बिष्ट पूरी तरह दादागिरी पर उतर आए हैं। उन्होंने उनके द्वारा किए गए कृत की कड़े शब्दों में निंदा की। मंडल अध्यक्ष रमेश तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ता शुक्रवार को पिंडारी मार्ग पर एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के बावजूद बिष्ट ने इंजीनियर कॉलेज में प्राचार्य से अभद्रता की। जसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई। उन्होंने विधायक की गिरफ्तारी की मांग की है। इस मौके पर मथुरा प्रसाद, प्रकाश साह, नवीन परिहार, दामोदर जोशी, संजय नेगी, राजेंद्र पूना, भवगती धपोला, मनीष पांडे, गोविंद बाफिला, दिनेश गड़िया, विनोद पांडे आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी ने टीआई विजय विक्रम को किया लाइन हाजिर

रुद्रपुर। एसएसपी ने डयूटी में मौजूद नहीं मिलने पर यातायात निरीक्षक विजय विक्रम को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार देर रात सिडकुल चौक से हल्द्वानी मोड़ तक वाहनों की लंबी कतार लगने से जाम लग गया। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस मौके पर नहीं थी।

इस दौरान एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी औचक निरीक्षण किया तो लंबा जाम देखा। इस पर उन्होंने संबंधित थाना और चौकी पुलिस को मौके पर बुलाकर जाम खुलवाया। साथ ही ड्यूटी में मौजूद नहीं मिलने पर यातायात निरीक्षक विजय विक्रम को लाइन हाजिर कर दिया है।

# गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द

अल्मोड़ा। गैस सिलेंडर भरवाने सोमेश्वर बाजार गई लापता युवती को सोमेश्वर पुलिस ने पास के ही लोध क्षेत्र से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

बीते बुधवार को सोमेश्वर निवासी एक व्यक्ति ने थाना सोमेश्वर में तहरीर दी कि उसकी 22 वर्षीय पुत्री मंगलवार को गैस का सिलेंडर भरवाने हेतु बाजार आई हुई थी और घर नहीं लौटी तथा उसका नहीं चल पा रहा है। तहरीर के आधार पर थाना सोमेश्वर में तत्काल गुमशुदगी दर्ज की गयी। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा मामले की गंभीरता के दृष्टिगत थानाध्यक्ष सोमेश्वर को गुमशुदा को शीघ्र तलाश करते हुए बरामद करने के निर्देश दिए गए। मामले में थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा की थाना क्षेत्र में तलाश की गई। पूछताछ और जांच पड़ताल करने पर बृहस्पतिवार को गुमशुदा युवती को थाना क्षेत्र अंतर्गत लोध से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। यहाँ पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह, महिला उपनिरीक्षक मोनी टम्टा, हैड कांस्टेबल गोपाल गिरी शामिल रहे।



# दो करोड़ से भृकुटि में होगा बाढ़ सुरक्षा के कार्य

बागेश्वर। कपकोट विधानसभा के नगर पंचायत कपकोट के भृकुटि नाले की सुरक्षा दो करोड़ रूपये से होगी। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने भूमि पूजन किया। गड़िया ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। आपदा काल समापन की ओर है। आपदा से हुए नुकसान के कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे। सुरक्षा दीवार बनने के बाद 150 परिवार व 50 हेक्टेयर कृषि भूमि सुरक्षित होगी। कपकोट में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक गड़िया ने भूमि पूजन किया। नारियल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि दो करोड़, 800 रुपये की धनराशि से यह कार्य होगा। सुरक्षा कार्य होने से जहां 150 परिवार सुरक्षित होंगे वहीं कृषि भूमि भी बचेगी। आंगनबाड़ी केंद्र, झूला पुल तथा थाना परिसर की भी सुरक्षा होगी। हर साल बारिश में क्षेत्र के लोग दहशत में रहते हैं। सुरक्षा बाढ़ नियंत्रण बनने से यह समस्या हमेशा के लिए दूर होगी। इस मौके पर विक्रम शाही, सुरेश कांडपाल, चम्पा देवी, गोविंद बिष्ट, हरीश कोरंगा, गिरीश जोशी, सिंचाई विभाग के ईई जगत बिष्ट, सभासद तनुज तिरुवा, मुन्ना कपकोटी, भूपाल कपकोटी मौजूद रहे।



## आठवीं की छात्रा को बहलाकर ले जाने का आरोप

रुद्रपुर। एक युवक पर भूरारानी निवासी कक्षा आठ की एक छात्रा को बहलाकर ले जाने का आरोप लगा है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में नाबालिग एक युवक के साथ जाती हुई दिखाई दी है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर दोनों की तलाश कर रही है। भूरारानी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी नाबालिग बेटी कक्षा आठ की छात्रा है।

बुधवार दोपहर को उसकी बेटी घर से कहीं चली गई। शाम तक घर नहीं लौटी तो आसपास के इलाकों में खोजबीन की गई, पर कोई सूचना नहीं मिली।

# एनसीसी कैडेटों ने निकाली जागरूकता रैली

बागेश्वर। पुनीत सागर अभियान के तहत 81 यूके ब्टालियन एनसीसी कैडेटों ने नगर में जागरूकता रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक के माध्मय से लोगों को नदी की सुरक्षा के बारे में बताया। कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के विद्यालयों में राइंका मंडलसेरा, विवेकानंद विद्या मंदिर, नेशनल मिशन इंटर कॉलेज के करीब 120 कैडेटों ने भाग लिया। कैडेटों मने क्षेत्र में स्थित जलधारे में सफाई अभियान चलाया। वृक्ष पुरुष किशन मलड़ा ने रैली को हरी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मोहन धामी ने किया।



# नैनीताल जनपद के छात्र–छात्राओं ने जीआईसी हवालबाग की अटल टिंकरिंग लैब का किया भ्रमण




अल्मोड़ा। राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग की अटल टिंकरिंग लैब में नैनीताल जनपद के चार विद्यालयों जवाहर नवोदय विद्यालय गंगरकोट के 62 बालिकाओं, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ढोकाने के 30 बालिकाओं, राजकीय इंटर कॉलेज लोहाली के 11 बालिकाओं, व राजकीय इंटर कॉलेज खैरना के 14 बालिकाओं कुल 117 बालिकाओं व आठ शिक्षक शिक्षिकाओं के दल ने विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत भ्रमण किया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य व अटल टिंकरिंग लैब के इंचार्ज डॉ. कपिल नयाल ने दल का स्वागत किया एवं बताया कि किस प्रकार रोजमर्रा के जीवन में आने वाली छोटी–छोटी समस्याओं का समाधान एटीएल में उपलब्ध उपकरणों व मशीनों की सहायता से किया जा सकता है उन्होंने रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, थ्री डी प्रिंटिंग व इंटरनेट ऑफ थिंग्स की मूल अवधारणा को समझाया एवं विभिन्न ग्रुप में लैब का भ्रमण कर-ाकर उपलब्ध मशीनों थ्री डी प्रिंटर, डेस्कटॉप कटिंग सिस्टम, टेलिस्कोप, हॉट ग्लू गन, सोल्डरिंग किट्स, टूल किट्स ऑस्किलोस्कोप आदि के संचालन की जानकारी दी। विद्यार्थियों को फोटो गैलरी भी दिखाई गई। इस अवसर पर इंजीनियर राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अटल टिंकरिंग लैब में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सेंसर, एड्रिनो व अन्य उपकरणों की जानकारी दी।

## मंडलसेरा में अनियंत्रित वाहन बिजली के पोल से टकराया

बागेश्वर। मंडलसेरा उत्तरीवार्ड में गुरुवार की रात एक बजे के करीब एक वाहन अनियंत्रित होकर बिजली के पोल पर टकरा गया। टक्कर लगते ही पोल नीचे गिर गया और धमाके के साथ क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सूचना के बाद ऊर्जा निगम की टीम मौके पर पहुंच गई है। सभासद कैलाश आर्या ने बताया कि गुरुवार की रात करीब एक बजे धमाके के साथ क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। शुक्रवार की सुबह जानकारी लेने पर पता चला कि जीप संख्या यूके–04–टीए– 8859 अनियंतत्रित होकर बिजली के पोल से टकाई थी। हालांकि बड़ी दुर्घटना होने से बच गई, वाहन बिजली के पोल से टकराने से बिजली का पोल टूट गया और लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिस कारण से उत्तरी वार्ड मंडलसेरा और आधा कठायतबाड़ा में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है।

# गलत परीक्षा फल अपलोड करने पर छात्र–छात्राओं में आक्रोश

चम्पावत। पीजी कॉलेज चम्पावत में कुमाऊं यूनिवर्सिटी के पुरानी परीक्षा फलों को हुई वेबसाइट में अपलोड करने पर छात्र–छात्राओं ने आक्रोश जताया।

छात्र –छात्राओं का कहना है कि दिसंबर 2022 में स्पेशल बैक में अंग्रेजी एवं रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों ने जो परीक्षा दी थी उसके परीक्षा पर में कई त्रुटियां पाई गई। इसमें कई विद्यार्थियों के परीक्षा फल में विषय बदले हुए थे तथा अनुपस्थित भी दिखाया गया था। परीक्षा फल सुधार की मांग को लेकर कई बार प्रदर्शन भी किया गया लेकिन यूनिवर्सिटी ने अधिकांश विद्यार्थियों के पुराने ही परीक्षाफल वैबसाइट में फिर से गलत अपलोड किए हैं । छात्र छात्राओं का कहना है कि कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी विश्वविद्यालय इसमें कोई जांच नहीं हो रही है। छात्र छात्राओं का कहना है कि 2 दिन के अंदर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वाले में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि अंकित भट्ट, मुकेश सिंह महर, मनीष सिंह चौधरी, दिनेश जोशी, आयुष महर, लक्की रावत, सचिव विजय कुमार, दिव्य बिष्ट, मनीषा, निर्मला आदि मौजूद रहे।



# वार्डों में जाकर पालिकाध्यक्ष ने सुनी समस्याएं



चम्पावत। पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा ने वार्ड नंबर 9 में लोगों की जन समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

गुरुवार देर शाम वार्ड नंबर नौ में नगर पालिका की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां लोगों ने विद्युत बल्ब लगाने, फॉगिंग का छिड़काव करने, नालियों की साफ सफाई करने और गृह कर संबंधी जैसी प्रमुख समस्याएं रखी। पालिका अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि लोगों की इन जन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। यहां ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी, सभासद योगेश पांडेय, वकील अंसारी, लक्ष्मण सिंह बोरा, बसंत राज चंद, विनोद बिष्ट, हेमंत टंडन, अनुराधा यादव, अर्जुन सिंह, प्रिया बिष्ट, मनोहर सिंह, नीरज सिंह, प्रकाश नेगी, उर्मिला देवी, मोहित कुमार आदि रहे।

## शिक्षक संगठन 27 से चरणबद्ध आंदोलन करेगा

चम्पावत। राजकीय शिक्षक संगठन 27 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन करेगा। आंदोलन की शुरुआत 27 सितंबर से काली पट्टी बांध शैक्षिक कार्य करने से होगा। ये निर्णय संगठन पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक में लिया गया। राशिसं ने ऑनलाइन बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के अध्यक्ष और मंत्री शामिल रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि बीते दिन शिक्षा मंत्री से वार्ता के बाद मांगों पर बनी सहमति में अब तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। इससे संगठन खुद को ठगा महसूस कर रहा है।

संगठन पदाधिकारियों ने मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया। तय किया गया कि 27 सितंबर से सात अक्टूबर तक काली पट्टी बांध कर शैक्षणिक कार्य किया जाएगा।

# नवनियुक्त कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने पदभार किया ग्रहण

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के नये कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद पत्रकारों से मुखाबित होकर उन्होंने अपनी प्राथमिकता के तौर पर सप्तऋषि मॉडल का दृष्टिकोण स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय को शोध, शिक्षा व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। कुलपति ने यहां एसएसजे परिसर अल्मोड़ा पहुंचकर सर्वप्रथम स्व. सोबन सिंह जीना की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उनके स्वागत में संगीत की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद वह विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां निवर्तमान कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्र प्रतिनिधियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इसके बाद मंत्रोच्चार व पूजा के साथ उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात पत्रकारों से मुखातिब होकर सप्तऋषि मॉडल के बारे में बताते हुए कुलपति प्रो. बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय को अग्रणी बनाने के प्रयास होंगे। इस मौके पर निवर्तमान कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट, कुलसचिव डॉ. भाष्कर चौधरी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सामंत, परिसर निदेश-ाक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



# पुरातन छात्रों ने महाविद्यालय के विकास को लेकर साझा किए अनुभव

नई टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी में पुरातन छात्र सम्मेलन में पुराने छात्र नेताओं ने महाविद्यालय के विकास को लेकर छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

महाविद्यालय को मॉडल कालेज के रूप में चयनित होने पर पुराने छात्रों ने खुशी व्यक्त की है। पुरातन छात्र समिति कार्यकारिणी में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रताप गुसाईं को अध्यक्ष चुना गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी के सभागार में आयोजित सम्मेलन का पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली और प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय जिले का सबसे बड़ा कॉलेज है, जिसमें सर्वाधिक 19 विषयों में पीजी की पढ़ाई होती है। कहा कि बीते कुछ माह पूर्व सरकार ने भूमि और भवन का स्वामित्व भी



कॉलेज को दे दिया है, जिससे बाद कॉलेज को अवस्थापना विकास, यूजीसी ग्रांट, अन्य कई सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम संयोजक डा. एएम पैन्यूली ने समिति के क्रियाकलाप और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। प्रो. डीपीएस भंडारी ने कहा कि सभी को मिलकर कॉलेज को और बेहत्तर बनाने में सहयोग करना होगा, ताकि छात्रों को बेत्तहर शिक्षा मिल सके। नव निर्वाचित कार्यकारणी में प्रताप गुसाई अध्यक्ष, राजपाल मिंया उपाध्यक्ष, अरुण उनियाल कोषाध्यक्ष, पवन चमोली सह सचिव चुने गये। मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष देवेंद्र नौड़ियाल, गंगा भगत नेगी, कुलदीप पंवार, पंकज बरवाण, मनीष राणा, उदय रावत, कुलदीप पंवार, शिवम उनियाल, रूपाली, शिवानी, डा. वीपी सेमवाल, डा. पीसी पैन्यूली, सतेंद्र ढौंडियाल, मीनाक्षी शर्मा, जयेंद्र सजवाण, श्रद्धा सहित छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे। (एजेंसी)

## टिहरी के युवा पर्वतारोही रोहित ने राज्यपाल से की मुलाकात

नई टिहरी : टिहरी जिले के पौखाल मगरौं निवासी युवा पर्वतारोही रोहित भट्ट ने प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से राजभवन में भेंट की। रोहित ने बीती जनवरी माह में विश्व की तीसरी तथा साउथ अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारों पर 361 फिट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर था। जिसके बाद अगस्त माह में उन्होंने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर 101 फीट लंबा तिरंगा फहराकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया है। रोहित ने बताया की अक्टूबर माह में दक्षिणी अमेरिका की चोटी आरोहण के लिए उनका चयन हुआ है। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पर्वतारोही रोहित को युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बताते हुए अफ्रीका और यूरोप की सबसे ऊंची चोटियों को फतह करने तथा चोटी पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये उन्हें बधाई दी।

# शिविर में 65 लोगों की हुई नेत्र जांच

रुद्रप्रयाग : रामकृष्ण मिशन विवेकानंद नेत्रालय द्वारा रोटरी क्लब नार्थ मुंबई के सहयोग से मुख्यालय में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। विवेकानंद विजन सेंटर रुद्रप्रयाग में आयोजित कार्यक्रम में 65 लोगों की नेत्र जांच की गई जिसमें 47 लोगों को दवाई वितरण की गई जबकि 19 लोगों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए विवेकानंद नेत्रालय देहरादून ले जाया गया। इस दौरान भी सारी व्यवस्थाएं निःशुल्क रहेगी। संस्था के उपाध्यक्ष स्वामी स्वस्वरूपानंद द्वारा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम को लेकर निक्षय मित्र के रूप में 20 टीवी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव स्वामी असीमात्मानंद ने जानकारी देते हुए बताया कि रामकृष्ण मिशन देहरादून द्वारा सदैव निःस्वार्थ भाव से क्षेत्र मे कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2013 की आपदा मे राहत कार्य, निशुल्क नेत्र कैंप, निक्षय मित्र कार्यक्रम, विवेकानंद विजन सेंटर रुद्रप्रयाग व गुप्तकाशी का संचालन। पीजी कॉलेज मे बालिकाओं के लिए मां सारदा बालिका आवास व विवेकानंद पीजी ब्लॉक का निर्माण, कोविड महामारी के समय कोविड केयर सेंटर का संचालन एवं दुर्गम गांव में निःशुल्क डोर टू डोर कोविड वेक्सीनेसन, डोर टू डोर आंखो का सर्वेक्षण आदि कार्य किए गए। यह सभी सेवा कार्य महान दानिदाताओं के सहयोग से संभव हो रहे हैं जिसमें रोटरी क्लब एवं रोटरी क्लब नार्थ मुंबई की मुख्य भूमिका हैं। इस मौके पर तेज बहादुर (आउटरीच मैनेजर) विवेकानंद नेत्रालय, मुख्य नेत्र विशेषज्ञ हनुमंत पंवार, शुभम हुई, अनुप पंवार, अनिल राणा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## हेल्थ मेले में 291 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

रुद्रप्रयाग : आयुष्मान भवः अभियान में मेडिकल कॉलेज के सहयोग से कम्युनिटी हेल्थ मेले का आयोजन किया गया। शुक्रवार को जखोली में आयोजित विशेषज्ञ हेल्थ मेले में 291 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जबकि 25 का अल्ट्रासाउंड किया गया। सीएचसी जखोली परिसर में आयोजित स्वास्थ्य मेले का क्षेत्र पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह भंडारी व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। इस मौके पर निःक्षय मित्रों द्वारा 5 क्षय रोगियों को पोषाहार किट वितरित की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के नेत्र रोग, अस्थि रोग, ईएनटी, स्त्री रोग, बाल रोग, मेडिसिन आदि विभाग के विशेशज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी गई। उन्होंने बताया कि आगामी 27 सितंबर को सीएचसी अगस्त्यमुनि में भी श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के सहयोग से हेल्थ मेले का आयोजन किया जाएगा। चिकित्सक दल में डा. विवेक त्यागी, डा. रंग केनसाई, डा. हिमांशु बिष्ट, डा. प्रतिभा नौटियाल व सीएचसी जखोली से डा. खुशपाल, डा. राजीव चैधरी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# खनन न्यास से स्कूलों में शौचालय बनाने, हाईटेक चिकित्सा केंद्र बनाएं

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास के अन्तर्गत प्रस्तावित और स्वीकृत कार्यों के बजट को लेकर सम्बंधित विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जरूरी प्रस्तावों पर जल्द से जल्द कार्यवाही के निर्देश दिए। डीएम ने जिला सभागार में खनिस फांउडेशन न्यास की बैठक लेते हुए खनन प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों में शौचालय बनाने, अधिक आवाजाही क्षेत्र में हाईटेक चिकित्सा केंद्र बनाने, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत व्यवस्था के लिए सोलर पैनल लगाने, हर ब्लाक के स्मार्ट विलेज में कम्प्यूटर स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खनिज न्यास जरूतरतमंद क्षेत्रों में लाइब्रेरी बनाने, क्षेत्रों में हैंडपंप लगाने, चिकित्सा केंद्रों में स्वास्थ्य उपकरण, पुलिया निर्माण, सुरक्षा दीवार आदि कामों को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने बैठक में ऐसे स्कूल जो निर्वाचन के लिए पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं और उनमें कार्य होने हैं। उनके इस्टीमेट एसडीएम को तत्काल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए जनता अनावश्यक इधर–उधर न भटके इसके लिए प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें। जिन कार्यों का तृतीय पक्ष निरीक्षण किया जाना है। उनकी रिपोर्ट तलब करते हुए डीएम ने रिपोर्ट तैयार होने पर दूसरी किश्त जारी करने के निर्देश दिए। जल संस्थान को निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थानों पर हैंप पंप बनाये जा रहे हैं। उन स्थानों पर सोख्ता पिट भी अवश्य बनायें। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ डा मनु जैन, खनन अधिकारी अमित गौरव, एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, डीपीओ शोहेब हुसैन, डीपीआरओ एमएम खान, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, ईई जन संस्थान प्रशान्त भारद्वाज, ईई लोनिवि योगेश कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## केवी में पीटीए बैठक संपन्न

चमोली : केंद्रीय विद्यालय गौचर में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष हफीजुल्लाह सिद्दीकी, कमाडेंट 8वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु. गौचर की अध्यक्षता में विद्यालय के प्राचार्य संदीप त्यागी ने के विगत वर्ष (2022-23)के परीक्षा परिणाम, विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, उपलब्धियों तथा विद्यालय के अन्य मुद्दों से सभी को अवगत कराया। विद्यालय को और अधिक उन्नत बनाने के लिए अध्यक्ष महोदय तथा समिति के अन्य सदस्यों के सुझावों को स्वीकार किया गया।

## 29 से होगा तीन दिवसीय वेद प्रचार सम्मेलन

नई टिहरी : महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर आर्य समाज की ओर से 29 सितंबर से तीन दिवसीय वेद प्रचार सम्मेलन किया जाऐगा। कार्यक्रम संयोजक रतन सिंह शाह और आर्य समाज प्रतिनिधि सभा प्रधान राजेश डिंयूडी ने बताया कि 29, 30 सितंबर और 1 अक्तूबर को होने वाले वेद प्रचार सम्मेलन में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली, ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी तथा राड्स समिति के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा शामिल रहेंगे। सम्मेलन में वैदिक विद्वान स्वामी वेद अमृतानंद, रामचंद्र, आचार्य डॉ.प्रियंवदा वेद भारती,अनुज शास्त्री प्रवचन करेंगे। कार्यक्रम में झांकी,वेद मंत्रों का उच्चारण, भजन संध्या, ध्वजारोहण, वेद भविष्य आदि की जानकारी दी जाएगी। (एजेंसी)

# जन समस्याओं को लेकर माकपा ने किया प्रदर्शन

चमोली : माकपा ने गोपेश्वर में शुक्रवार को सरकार की जन विरोधी नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी कर महंगाई रोकने की मांग की गई।

शुक्रवार को गोपेश्वर की सड़कों पर लाल झंडा थामे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद आम सभा भी आयोजित की। जिसमें माकपा नेता सरकार पर बिफरे। माकपा नेताओं ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा सरकार जन विरोधी नीतियों को लागू कर रही है। रोजगार नहीं मिलने के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। महंगाई से सब लोग परेशान हैं। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों के पुनर्वास और विस्थापन की कोई ठोस नीति सरकार के पास नहीं है। माकपा नेताओं ने




जन सभा में कहा कि सरकार को भूमि हीन लोगों को भूमि देनी चाहिए। जीएसटी की बढ़ी दरें शीघ्र वापस लेनी चाहिए। किसानों के कर्ज माफ किये जाएं । पानी और बिजली के बिलों में हुई बढ़ोतरी तुरंत वापस ली जाय। जंगली जानवरो द्वारा किसानों की फसलों का उचित मुआवजा देने सहित जन समस्याओं से जुड़ी 18 मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग माकपा ने की । प्रदर्शन करने वालों में वरिष्ठ वामपंथी नेता गंगा धर नौटियाल, भूपाल सिंह रावत, ज्ञानेंद्र खंतवाल, मदन मिश्रा, गीता बिष्ट, पुष्पा किमोठी, पुरुषोत्तम सती सहित अन्य लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

# गंगा भोगपुर के रिजॉर्ट में चल रहा था कैसिनों, पुलिस ने मारा छापा, 32 लोग गिरफ्तार, पांच महिलाओं का किया रेस्क्यू



एसएसपी श्वेता चौबे कैसिनों के बारे में जानकारी देते हुए।

## भारी मात्रा में कैसिनों चिप्स, ताश की गड्डिया, मोबाइल फोन, लग्जरी गाड़िया व नगदी बरामद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी जिले की पुलिस ने थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्र के अंतर्गत गंगा भोगपुर क्षेत्र में बने नीरज फॉरेस्ट रिजॉर्ट में चल रहे अवैध कैसिनों पर बड़ी कार्यवाही की है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि छापे के दौरान पुलिस ने मौके से 28 पुरुष व 04 क्रू पीयर (गेम सहयोगी) को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए पकड़ा। रिजॉर्ट से पांच महिलाओं का रेस्क्यू किया गया है। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में कैसिनो चिप्स, ताश की गड्डियां, मोबाइल फोन, लग्जरी गाडियां व 5 लाख 16 हजार रूपये कैश बरामद किया। आरोपियों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है। एसएसपी ने कहा कि देवभूमि में अपराधी नहीं पनपने देंगे। एसएसपी ने बताया कि अभियोग उपरोक्त में आरोपी विनीत थाना ऋषिकेश जनपद देहरादून में आरक्षी पद पर तैनात है जिसके विरूद्ध भी चालानी कार्यवाही कर रिपोर्ट अलग से सम्बन्धित जनपद को प्रेषित की गयी है।

उत्तराखण्ड शासन द्वारा गंगा भोगपुर क्षेत्र को थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्र में सम्मिलित किया गया था। बीती गुरूवार रात्रि को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी को गुप्त सूचना मिली कि नीरज फॉरेस्ट रिजॉर्ट में अवैध कसीनो का संचालन हो रहा है तथा लोगों को जुआ खिलवाया जा रहा है। सूचना का एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने तत्काल संज्ञान लेते हुये त्वरित कार्यवाही कर अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार जया बलोनी व सीओ श्रीनगर रविन्द्र चमोली के नेतृत्व में टीम गठित की। गठित टीम द्वारा ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये देर रात्रि में नीरज फॉरेस्ट रिजॉर्ट में अवैध कसीनो का भांडाफोड़ किया गया। छापे के दौरान मौके पर 28 पुरुष व 04 क्रू पीयर (गेम सहयोगी) रंगे हाथ जुआ खेलते हुये पकड़े गये व 05 अन्य महिलाएं भी मौजूद मिली। जिनका रेस्क्यू किया गया है। मौके से भारी मात्रा में कैसिनो चिप्स, ताश की गड्डियां, मोबाइल फोन, लग्जरी गाडियां व 05 लाख 16 हजार रूपये कैश बरामद हुआ। पकड़े गये अधिकतर व्यक्ति उत्तम नगर दिल्ली व अन्य जनपद बिजनौर व हरिद्वार के निवासी हैं जो प्रॉपर्टी डीलर, ठेकेदारी व दुकानदारी का काम करते हैं। जुआ खिलवाये जाने के अलावा जुआरियों को बेसमेंट में शराब भी परोसी जा रही थी। वहां से शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं।

इसके अतिरिक्त कागजात प्रस्तुत न किए जाने पर जुआरियों के वाहनों को भी सीज किया गया है। इन व्यक्तियों के विरूद्ध थाना लक्ष्मणझूला पर जुआ अधिनियम तथा रिजॉर्ट संचालक आर के गुप्ता एवं प्रबन्ध निदेशक साहिल ग्रोवर के विरुद्ध अधिनियम तथा आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार जया बलोनी, क्षेत्राधिकारी श्रीनगर रविन्द्र चमोली, निरीक्षक विनोद गुंसाई, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोहर सिंह रावत, उपनिरीक्षक राजविक्रम, महिला उपनिरीक्षक दीक्षा सैनी, अपर उपनिरीक्षक मुनेश चौधरी, मुख्य आऱक्षी सुनील राठी, मनोहरी लाल, सुरेन्द्र, रामपाल, आरक्षी मुकेश जोशी, सुमन, रविन्द्र भोज, प्रियंका, प्राची, सीआईयू टीम के निरीक्षक मौ0 अकरम, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा, उपनिरीक्षक जयपाल चौहान, मुख्य आरक्षी संतोष, आरक्षी अमरजीत आदि शामिल थे।

### कसीनो खिलाने का तरीका

एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि आरोपी क्वाइन लेते हैं और फिर तीन पत्ती का गेम करवाया जाता है। जुआ खेलने वालों को कैश के बदले कैसिनो चिप्स दिये जाते हैं। आयोजक जुए की रकम का 05 प्रतिशत हिस्सा रखकर बाकी रकम जीतने वाले को ऑनलाइन ट्रांसफर करते है। इनके बैक खातों की जानकारी की जा रही है जिसके पश्चात खातों को सीज करवाया जायेगा।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

1. विशाल कर्णवाल पत्र सत्यप्रकाश कर्णवाल निवासी हरिद्वार
2. ललित चौहान पुत्र विक्रम सिंह निवास बादराबाद हरिद्वार
3. राम कुमार चौहान पुत्र स्व. हरीशचन्द्र निवासी बादराबाद हरिद्वार
4. ओमप्रकाश पुत्र केसी शर्मा निवासी शिवालिक नगर हरिद्वार
5. विनीत कुमार पुत्र ईश्वर सिंह निवासी हरिद्वार
6. काला पुत्र रामसिह निवासी हरिद्वार
7. धनीराम शर्मा पुत्र स्व. प्रहलाद शर्मा निवासी ओ-64, दिल्ली
8. मंजीत कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी 53/7 मुण्डिका दिल्ली
9. प्रमोद गोयल पुत्र ओपी गोयल निवासी आर-103 उत्तम नगर दिल्ली
10. कपिल मेहता पुत्र ईश्वर दास मेहता निवासी टी-123, शुक्र बाजार उत्तम नगर दिल्ली
11. दिनेश कुमार गोयल पुत्र स्व. सुन्दर लाल गोयल निवासी ए-126 संजय इन्कलेव, उत्तम नगर दिल्ली
12. पारस पुत्र जुगलकिशोर निवासी सुभाषनगर नई दिल्ली
13. प्रदीप पुत्र जगदीश निवासी 122 सुलतानपुरी दिल्ली
14. रतन जोत पुत्र स्व. अशोक कुमार निवासी कृष्ण विहार दिल्ली
15. धर्मेन्द्र पुत्र स्व. जगपाल सिंह निवासी उत्तम नगर दिल्ली
16. सरबजीत पुत्र रंजीत सिंह निवासी उत्तम नगर दिल्ली
17. प्रवीन मित्तल पुत्र महावीर प्रसाद निवासी द्वारिका दिल्ली
18. प्रीतम सिंह पुत्र रामपाल सिंह उत्तम नगर दिल्ली
19. अशोक पुत्र वीरभान निवासी उत्तम नगर दिल्ली
20. मोहित सिंघल पुत्र देवी दयाल सिंघल दिल्ली
21. राजेश पुत्र जनग राज निवासी दिल्ली
22. कृष्ण दय्या पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मुण्डिका दिल्ली
23. हरबजन पुत्र जगत सिंह निवासी पंजाबी कॉलोनी धामपुर
24. अमित पुत्र भगवत सिंह निवासी पुराना धाम हुसैन, धामदा
25. आदित्य कुमार पुत्र विजय पाल निवासी धामपुर बिजनौर
26. अमर सिंह पुत्र हरिसिद्ध निवासी हलदौर बिजनौर
27. नादिम पुत्र अब्दुल हमीद निवासी धामपुर
28. दिलबर रावत पुत्र अमर सिंह रावत निवासी ग्राम भूखंडी, पौड़ी गढ़वाल

**क्रू पीयर (गेम सहयोगी)**

1. भावना पण्डे पुत्री बलराम निवासी हरिनगर दिल्ली
2. इन्द्रा पुत्री शानू निवासी जनकपुरी दिल्ली
3. रमीता श्रेष्टा पुत्री रजित निवासी फतेहनगर
4. चीजा खोड़गा पुत्री दलबहादुर खोड़गा निवासी वेरीवाला दिल्ली

**वांछित आरोपी:—**

1. आर के गुप्ता, नीरज रिजॉर्ट स्वामी
2. शाहिल ग्रोवर, मैनेजर नीरज रिजॉर्ट
3. तनुज गुप्ता, फ्रंट ऑफिस मैनेजर नीरज रिजॉर्ट
4. विशाल सिंह पुत्र बृजपाल सिंह भगवती गार्डन नई दिल्ली

# पूर्व सभासदों ने निगम प्रशासन के विरोध में दिया धरना

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम प्रशासन के खिलाफ पूर्व सभासद विभोर बहुगुणा व डा. विनीत पोश्ती ने शुक्रवार को नगर निगम परिसर में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि नगर आयुक्त /एसडीएम श्रीनगर की ओर से उनके द्वारा उठाई गई जन समस्याओं को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। इस मामले में एसडीएम के साथ विवाद होने के बाद पूर्व सभासद धरने पर बैठ गए।बहुगुणा व डा. पोश्ती ने कहा कि वह शहर के बिजली के पोलों पर लाइट न होने, डेंगू के सीजन में सफाई व्यवस्था ठीक न होने तथा सड़कों की स्थिति बदतर होने से हो रही रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय में गए थे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के समक्ष समस्याएं रखनी चाही तो समस्या सुनने के बजाय वह उठ कर चली गई। उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्हें करीब आधे घंटे से अधिक समय तक बाहर बैठाए रखा। जिससे उनका समय भी बर्बाद हुआ। उन्होंने कहा जब तक समस्याओं का समाधान के लिए ठोस आश्वासन और उनके साथ हुए व्यवहार के लिए माफी नहीं मांगी गई तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इधर, एसडीएम नुपुर वर्मा ने कहा कि उन पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं, कहा पूर्व सभासदों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किए जाने की बात कही गई थी, उन्हें स्कूल में बच्चों के कार्यक्रम में जाना था जिसके कारण जाना पड़ा, क्योंकि बच्चे पहले ही बहुत देर से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शाम के समय नगर निगम कार्यालय में बैठ कर कामकाज किया है।

## ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का जताया आभार

श्रीनगर गढ़वाल : गहड़ गांव में नर्सिंग कांलेज की संस्तुति पर ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इसके लिए ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री डा. धन सिह रावत का आभार व्यक्त किया है। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि मेडिकल कालेज से सम्बंधित नर्सिंग कालेज ग्राम पंचायत गहड़ में प्रस्तावित है। जिसके लिए ग्राम वासियों ने लगभग 60नाली भूमि 7 साल पहले स्वास्थ्य विभाग को दान स्वरूप रजिस्टर्ड कर दी थी। देहरादून में उक्त कार्य की संस्तुति के लिए सम्पूर्ण ग्राम सभा गहड़ ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत का आभार जताते हुए अतिशीघ्र उक्त कार्य का शासनादेश करा कर भूमि पूजन किए जाने की उम्मीद की है।

# निबंध में आरव, चित्रकला में पीहू रही अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : उप जिलाधिकारी श्रीनगर एवं शिक्षा विभाग के तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा एवं पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला, निबंध और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

जिसमें प्राथमिक वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में राप्राविनपा श्रीनगर के आरव ने प्रथम, राप्रावि डांग ऐठाणा की आराध्य ने द्वितीय, राआप्रा श्रीकोट के अक्षत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में राआप्रावि श्रीकोट की पीहू ने प्रथम, स्लोगन मे प्राविनपा श्रीनगर के दीप, जूनियर स्तर की निबंध प्रतियोगिता में राइंका खण्डाह की इशिका, चित्रकला में राइका दिखोल्यूँ की सोनाक्षी, स्लोगन में राबाइंका की रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में जीजीआईसी श्रीनगर की अर्पणा नौटियाल, चित्रकला में जीजीआईसी श्रीनगर की मानसी और स्लोगन में जीआईसी खंडाह के मनोज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रकाश कपरवाण, नीनू किमोठी, जय बहुगुणा, अनीता नेगी, मनोज नौडियाल, लता भूषण, जी.एस. गुसांई, दीना कुकशाल, लक्ष्मी रॉय, जया रावत, रोशनी फोंदणी, डीएस भंडारी, सरिता उनियाल, पूनम काला, संतोष पोखरियाल, मुकेश काला, रोहित देवरानी और नवीन धारीवाल निर्णायक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीना गौरोला और संचालन सरिता उनियाल ने किया। (एजेंसी)

## विधायक ने किया सड़क डामरीकरण कार्य का शिलान्यास

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के अंतर्गत कपरोली मोटर मार्ग व धार पंयाकोटि मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्य का देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। पीएमजीएसवाई से लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित हुए इस सड़क के पेंटिंग कार्य को 1 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। इस मौके पर विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों को सड़क से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है।

उत्तर रेलवे

ई—नीलामी

मुरादाबाद मंडल के Moradabad स्टेशन के क्लॉक रूम को 5 साल के लिए संचालन और रखरखाव हेतु ई—नीलामी के तहत दिनांक 05.10.2023 (टाइम 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने की जानी है। ई—नीलामी www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। 2962/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

## आयुष्मान भारत से आयुष्मान भवः

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2018 में आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। इस योजना की शुरुआत राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के प्रावधानों के तहत सबको स्वास्थ्य की परिकल्पना को साकार करने के लक्ष्य के साथ की गई थी। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के कोने–कोने में रह रहे लोगों तक व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत बचाव और जागरूकता से लेकर प्राइमरी, सेकेंडरी और टर्शियरी स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कैसे सुनिश्चित हों, इसकी पूरी व्यवस्था हेल्थ ऐंड वेलनेस सेंटर्स और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से की गई। मोदी सरकार का लक्ष्य यह है कि देश के हर कोने में रह रहे जन–जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही आयुष्मान भवः अभियान लॉन्च किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपीद मुर्मू ने 13 सितंबर, 2023 को इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत जन आरोग्य योजना को जन–जन तक ले जाने, हर किसी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आईडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। कई तरह की बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की गई है। इनमें टीबी, हाइपरटेंशन, सिकल सेल डिजिज, मधुमेह आदि के लिए गांवों और शहरों में जांच अभियान चलाया जाना है। आयुष्मान भवः का मूल लक्ष्य देश के 6.45 लाख गांवों और 2.55 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचने का है। ताकि लोगों के बीच इन योजनाओं को लेकर जागरूकता आए और वे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। हमारे प्रेरणास्त्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय के सिद्धांत के अनुकूल इस अभियान को तैयार किया गया है ताकि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के हर एक व्यक्ति को मिल पाए। सबको स्वास्थ्य के लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसमें अंग दान अभियान चलाना शामिल है। साथ ही स्वच्छता अभियान और रक्त दान अभियान जैसे कई और गतिविधियां चलाई जाएंगी। इस अभियान के तीन मूल आधार हैंः आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा और आयुष्मान मेला। इसके तहत समाज केंद्रित सोच के साथ जन–जन तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का काम किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार का यह तीसरा संस्करण है। पहले के दो संस्करणों के सफलताओं को यह आगे बढ़ाएगा। इसके तहत आयुष्मान कार्ड बनाने में और तेजी लाई जाएगी। आयुष्मान सभा के जरिए गांवों के स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार किया जाएगा। आयुष्मान मेला के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न चिंताओं का समाधान करने का काम किया जाएगा।

## भवन और भावना



घूम–फिर कर सवाल यही सामने है कि क्या नए संसद भवन में दोनों पक्ष नई– यानी संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली– भावना भी दिखाएंगे? उन्होंने ऐसा किया, तभी यह परिवर्तन ऐतिहासिक बन पाएगा।

लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों ने संसद के नए भवन में जाने से पहले पुराने भवन से जुड़ी स्मृतियों को याद किया। नेतृत्व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, जिन्होंने इस मौके पर अनपेक्षित भावना का प्रदर्शन करते हुए जवाहर लाल नेहरू के ऐतिहासिक 'स्ट्रोक ऑफ द मिडनाइड' भाषण को याद किया और साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा भी अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में कई सकारात्मक बातें कहीं। विपक्षी नेताओं ने संसद की भावना से जुड़े कई प्रश्न उछाले। घूम–फिर कर सवाल यही सामने आया कि क्या नए भवन में दोनों पक्ष नई (या संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली) भावना भी दिखाएंगे? अगर दोनों पक्ष सिर्फ यह याद रखें कि सदन में पहुंचे सभी चेहरों को जनता ने निर्वाचित किया है और वे सभी जन प्रतिनिधित्व के लिए वहां आए हैं, तो संसदीय परंपरा को लेकर लगातार गहरी होती गई कई चिंताओं का समाधान निकल सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अल्पमत– यानी विपक्ष भी सरकार की गलतियों को बेनकाब कर और विरोध संगठित कर जनता की तरफ से सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वाह ही करता है, अगर यह बात सत्ता पक्ष आत्मसात कर ले, तो संसद में वे नजारे देखने को नहीं मिलेंगे, जिन्होंने देश के एक बड़े जनमत के मन में व्यग्रता पैदा कर रखी है।

विरोधी का अर्थ दुश्मन समझना और बहुमत को बहुमतवाद में तब्दील कर देना लोकतंत्र की भावना का सिरे उल्लंघन है। संसद जब अपने पुराने भवन से विदा हुई, तब यही प्रवृत्ति वहां हावी थी। अब अगर नए भवन में भी यही जारी रही, तो फिर इमारत की भव्यता और नूतनता से देश में गहराती चली गई विभाजन की भावना पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भवन असल में सिर्फ एक स्थान है, जो भावना की अभिव्यक्ति के लिए आवश्यक परिस्थितियां उपलब्ध कराता है। अब भवन परिवर्तन हो गया है, लेकिन यह अपने–आप में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है। यह घटना सचमुच ऐतिहासिक बने और इससे जुड़े पात्र इतिहास में अपने लिए खास स्थान बना सकें, इसके लिए जरूरी यह है कि वे उस भावना को भी बदलें, जो इस समय भारतीय लोकतंत्र पर घने बादल की तरह मंडरा रही है।

# महिला आरक्षण और पार्टियों की हिप्पोक्रेसी

**अजीत द्विवेदी**

यह लाख टके का सवाल है कि क्या लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को कभी सचमुच आरक्षण मिल पाएगा? आबादी के अनुपात में आधी न सही लेकिन एक–तिहाई सीटें भी उनके लिए आरक्षित हो पाएंगी? पहली बार 1989 में तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्थानीय निकाय में महिलाओं को आरक्षण देने का बिल पेश किया था, जो राज्यसभा में सात वोट से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिंह राव की सरकार ने यह बिल पास कराया। उसके बाद कई राज्यों में स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू हुआ। बिहार में तो नीतीश कुमार की सरकार ने 50 फीसदी आरक्षण लागू किया हुआ है। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था का लाभ यह हुआ कि पूरे देश के अलग अलग निकायों में करीब 15 लाख महिलाएं जन प्रतिनिधि के तौर पर अपनी भूमिका निभा रही हैं। उस एक कानून ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कितना काम किया, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

इसके बावजूद क्या कारण है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का कानून नहीं बन पा रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो कानून निर्माता स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान करते हैं वे खुद अपने कुर्सी के त्याग का साहस नहीं दिखा पाते हैं। उनको पता है कि स्थानीय निकाय में आरक्षण देने से बिना कुछ गंवाए महिला हितैषी बना जा सकता है लेकिन अगर लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण दिया तो अपनी कुर्सी भी गंवानी पड़ सकती है। आज भले जितनी बातें हो रही हों लेकिन ज्यादातर पुरुष सांसद इस पक्ष में नहीं रहते हैं कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण दिया जाए। यह हकीकत है, जिसे वे वैचारिक जामा पहनाते हैं। एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण की बात करते हैं और उस आधार पर महिला आरक्षण का विरोध करते हैं।

अन्यथा कोई कारण नहीं था कि नौ मार्च 2010 को राज्यसभा से पास होने के बाद महिला आरक्षण का बिल लोकसभा से पास नहीं होता। आज कांग्रेस पार्टी इस बात का श्रेय ले रही है कि उसने महिला आरक्षण की शुरुआत की थी और मौजूदा सरकार की ओर से पेश किया गया बिल उसका बिल है। लेकिन कांग्रेस से कोई यह सवाल नहीं पूछ रहा है कि जब उसने मार्च 2010 में राज्यसभा से बिल पास करा लिया तो लोकसभा में उसे क्यों नहीं पेश किया और क्यों नहीं पास कराया? क्या इससे कांग्रेस की मंशा पर संदेह नहीं पैदा होता है? उससे पहले महिला आरक्षण बिल तीन बार पेश हुआ और तीनों बार लोकसभा में पेश हुआ। लेकिन मनमोहन सिंह की सरकार ने राज्यसभा का रास्ता चुना और राज्यसभा से पास करा कर उसे लोकसभा भेज दिया गया, लेकिन वहां पेश नहीं किया गया।

उस समय लोकसभा में कांग्रेस के 206 सांसद थे और भाजपा के 116 यानी सिर्फ इन दो पार्टियों को मिला कर 322 सांसद थे। बिल पास कराने के लिए दो–तिहाई वोट यानी 362 वोट की जरूरत थी, जो आसानी से मिल जाता। जदयू के 20, कम्युनिस्ट पार्टियों के 20, बीजू जनता दल के 14, तृणमूल कांग्रेस के 19 और डीएमके के 18 सांसद थे, जो इस बिल का समर्थन करते। लेकिन कांग्रेस ने यह बिल पेश नहीं किया। उसके नेताओं ने कहा कि अगर बिल पेश होता तो राजद और समाजवादी पार्टी सरकार से समर्थन वापस ले लेते। हकीकत यह है कि इन दोनों पार्टियों के उस समय सिर्फ 28 सांसद थे और सरकार इनके भरोसे नहीं चल रही थी। सोचें, जुलाई 2008 में मनमोहन सिंह ने अमेरिका के साथ परमाणु संधि करने के लिए 60 सीटों वाली कम्युनिस्ट पार्टियों की परवाह नहीं की। तब कांग्रेस के अपने सिर्फ 145 सांसद थे। लेकिन जब उनके 206 सांसद हो गए तो उन्होंने 28 सांसदों वाली दो पार्टियों की वजह से महिला आरक्षण बिल पेश नहीं किया! क्या यह तर्क किसी के गले उतरेगा? जाहिर है कांग्रेस के पुरुष सांसदों के दबाव में बिल ठंडे बस्ते में डाला गया और आज पार्टी इसका श्रेय लेने को बेचैन है।

भाजपा की मौजूदा सरकार भी उसी रास्ते पर चल रही है, जो रास्ता 2010 में कांग्रेस ने चुना था। फर्क इतना है कि नरेंद्र मोदी की सरकार बिल पास करा कर उसको ठंडे बस्ते में डालेगी। अगर सरकार की मंशा साफ होती तो वह नया बिल लाने की बजाय मार्च 2010 में राज्यसभा में पास किए गए बिल को पुनर्जीवित करती। उसे बारी बारी से दोनों सदनों में पास करा कर लागू कर देती। अगर सरकार उस बिल को पास कराती तो उसे दो महीने बाद पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी लागू किया जा सकता था। उसमें जनगणना या परिसीमन की कोई शर्त नहीं थी। दोनों सदनों से पास होने और राष्ट्रपति के दस्तखत के साथ ही वह कानून अमल में आ जाता। लेकिन उसकी बजाय इस सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन के साथ जोड़ दिया, जिसका मतलब है कि पास होने के बाद भी इस पर अगले कई बरसों तक अमल नहीं हो पाएगा। अगर परिसीमन के बाद इसे लागू किया गया तो यह 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू हो पाएगा और तब तक कितनी चीजें बदल जाएंगी यह कोई नहीं कह सकता है।

असल में राजनीतिक दलों की मंशा साफ नहीं है। दिवंगत शरद यादव ने संसद में कहा था कि अगर यह बिल पास होता है तो परकटी महिलाएं संसद में आएंगी। उनकी इस बात का काफी विरोध हुआ था लेकिन किसी ने शरद यादव से नहीं पूछा था कि वे एक पार्टी के प्रमुख हैं तो क्यों नहीं अपनी पार्टी में गरीब और पिछड़ी जाति की महिलाओं को एक तिहाई टिकट दे दे रहे हैं? आरक्षण मिलेगा तभी पिछड़ी जाति की महिलाएं संसद या विधानसभा में पहुंचेंगी यह कहां का नियम है? उसके बिना क्यों लालू प्रसाद, शरद यादव और मुलायम सिंह ने अपनी पार्टी की टिकट गरीब, पिछड़ी, दलित, आदिवासी या अल्पसंख्यक महिलाओं को नहीं दी? अगर उन्होंने आबादी के अनुपात में महिलाओं को टिकट देना शुरू कर दिया होता तो इस बिल की जरूरत ही नहीं थी।

अब भी देर नहीं हुई है। जिस तरह से ममता बनर्जी और नवीन पटनायक ने अपनी पार्टी की 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देना शुरू किया है उसी तरह बाकी पार्टियां भी करें। कांग्रेस और भाजपा दोनों 50 या 40 फीसदी नहीं तो कम से कम 33 फीसदी टिकट महिलाओं को दें। जिन पार्टियों को पिछड़ी जाति की महिलाओं की चिंता है और आरक्षण में इसे शामिल कराना चाहती हैं वो पार्टियां 33 फीसदी टिकट पिछड़ी जाति की महिलाओं को देना शुरू करें फिर सारा झगड़ा ही खत्म हो जाएगा। इसके बाद बिल की जरूरत ही नहीं रह जाएगी। असल में महिला आरक्षण भारतीय राजनीति और इस देश के राजनेताओं की हिप्पोक्रेसी का चरम है। यह उनके दोहरेपन की मिसाल है। सारी पार्टियां कथित तौर पर महिला आरक्षण का समर्थन करती हैं लेकिन किसी को महिलाओं को टिकट नहीं देनी है।

'सामाजिक न्याय के महान योद्धा' लालू प्रसाद ने अपनी अनपढ़ पत्नी को तो मुख्यमंत्री बना दिया लेकिन पिछड़ी जाति की दूसरी महिलाओं को तभी टिकट देंगे, जब संसद से पास होकर महिला आरक्षण का कानून बनेगा! इससे ज्यादा हिप्पोक्रेसी क्या हो सकती है? जब तक देश के नेताओं का यह दोहरा रवैया खत्म नहीं होगा तब तक किसी न किसी बहाने महिला आरक्षण बिल अटकता रहेगा। इसलिए इस मामले में नेताओं की बड़ी बड़ी बातों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है। उनकी बातें सिर्फ बातें हैं और आंसू घड़ियाली हैं। उनकी बातों पर नहीं उनके आचरण पर नजर रखें।




# इराक सुधरा, नया प्रधानमंत्री समझदार?

**श्रुति व्यास**

**बीस साल पहले अमेरिका के तत्कालीन विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने संयुक्त राष्ट्र में वह कुख्यात भाषण दिया था जिसमें उन्होंने दुनिया को अमेरिका द्वारा हासिल की गई उस कथित ठोस गुप्त जानकारी के बारे में बताया था जिसके अनुसार इराक सामूहिक विनाश के हथियारों का भंडार बना रहा था। और इस सप्ताह न्यूयार्क में उसी संयुक्त राष्ट्र महासभा को इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल–सुडानी संबोधित करेंगे और दुनिया को बताएंगे कि वे ही ऐसे नेता हैं जो अपने देश की दो पुरानी समस्याओं– भ्रष्टाचार और अस्थिरता झ्र को हल करेंगे। वे दुनिया को बताएंगे कि सद्दाम हुसैन के बाद की पीढ़ी के राजनीतिज्ञ होने के नाते वे अपनी जनता और उसकी बदलाव की आकांक्षा को समझ पाए हैं। वे दुनिया को बताएंगे कि इराक अपने अतीत को पीछे छोड़ चुका है और एक स्थिर राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में एक भरोसेमंद साथी बन सकता है।**

अमेरिकी आक्रमण को बीस साल हो चुके है और अब इराक में अपेक्षाकृत शांति है। उसने सन् 2017 में इस्लामिक स्टेट को हराया और उसके नतीजे में शिया–सुन्नी टकराव की जिस लहर की आशंका बहुत से लोगों ने जताई थी, उसे भी रोका। इसलिए नागरिकों की मौतों की संख्या में गिरावट आई, तेल का उत्पादन बढ़ा और सरकार की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई। ईरान और अमेरिका सहित विदेशी ताकतों का देश पर प्रभाव कम हुआ है। क्योंकि इराकी राजनीतिज्ञों ने एक ताकत को दूसरी ताकत के खिलाफ खड़ा करने की कूटनीति सीख ली है।

एक समय था जब ईराक गृहयुद्ध और पंथों में बंटे होने के लिए बदनाम था। उसे प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद उभरी अरब व्यवस्था के ढहने का प्रतीक माना जाता था। लेकिन ये सब बीते कल की बात है। आज बगदाद, कई अन्य मध्यपूर्व देशों की राजधानियों की तुलना में अधिक सुरक्षित माना जाता है।

दुनिया को लगता है कि यह शांति और स्थिरता, अमेरिका द्वारा सद्दाम हुसैन का राज खत्म कर देने का नतीजा है। वास्तव में अमेरिका का इराक पर हमला एक असफल, खर्चीली और विनाशकारी कवायद थी, जिसने अमेरिका को शर्मिंदा किया और ईराक को अपमानित। सन् 2019 में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार 62 प्रतिशत वयस्क अमेरिकी, जिनमें ईराक युद्ध में भाग ले चुके ज्यादातर सैन्यकर्मी भी शामिल हैं, मानते हैं कि वह युद्ध लड़े जाने लायक नहीं था। अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने उस समय सारी दुनिया को बताया था कि यह आक्रमण इराक की जनता को एक हिंसक और अधिनायकवादी सरकार से 'मुक्ति' दिलाने के लिए किया जा रहा है। किंतु इसमें करीब 2,00,000 ईराकी प्रत्यक्ष हिंसा में मारे गए और दसियों लाख अप्रत्यक्ष हिंसा में (जैसे स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन, साफ़–सफाई और पानी की कमी)। इस हमले के कारण उत्पन्न हुई अस्थिरता की वजह से इस्लामिक स्टेट (आईएस) द्वारा सन् 2014 से 2017 के बीच और ज्यादा मानवाधिकार हनन और हिंसा की गई।लेकिन आज इराक में हालात पहले से बेहतर हैं।

बीस साल पहले अमेरिका के तत्कालीन विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने संयुक्त राष्ट्र में वह कुख्यात भाषण दिया था जिसमें उन्होंने दुनिया को अमेरिका द्वारा हासिल की गई उस कथित ठोस गुप्त जानकारी के बारे में बताया था जिसके अनुसार इराक सामूहिक विनाश के हथियारों का भंडार बना रहा था। और इस सप्ताह न्यूयार्क में उसी संयुक्त राष्ट्र महासभा को इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल–सुडानी संबोधित करेंगे और दुनिया को बताएंगे कि वे ही ऐसे नेता हैं जो अपने देश की दो पुरानी समस्याओं– भ्रष्टाचार और अस्थिरता झ्र को हल करेंगे। वे दुनिया को बताएंगे कि सद्दाम हुसैन के बाद की पीढ़ी के राजनीतिज्ञ होने के नाते वे अपनी जनता और उसकी बदलाव की आकांक्षा को समझ पाए हैं। वे दुनिया को बताएंगे कि इराक अपने अतीत को पीछे छोड़ चुका है और एक स्थिर राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में एक भरोसेमंद साथी बन सकता है।

किंतु एक स्थिर राष्ट्र होने के बावजूद इराक उन समस्याओं से जूझ रहा है जिनका मुकाबला एक स्थिर राष्ट्र को भी करना पड़ता है। इनमें शामिल है ग्लोबल वार्मिंग झ्र इराक लगातार चौथे वर्ष सूखे का सामना कर रहा है और एक कृषि विज्ञान स्नातक होने के नाते अल सुडानी इस संकट को अच्छे से समझते हैं। एक ऐसा देश जिसमें भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं और जहां अधिकांश नौकरियां सरकारी क्षेत्र में हैं और जहां एक अल्प वेतन वाली नौकरी हासिल करने के लिए भी आवेदकों को या तो घूस देना पड़ती है या किसी राजनीतिज्ञ की मदद लेनी पड़ती है। पश्चिमी व्यवसायी भयावह भ्रष्टाचार, नौकरशाही द्वारा खड़ी की जाने वाली बाधाओं और राजनैतिक असुरक्षा के चलते इराक में निवेश नहीं करना चाहते। लंबे समय से इराक पर नजर रखने वाले विश्लेषकों ने चेताया है कि अल–सूडानी के सत्ताधारी गठबंधन में शामिल कुछ लोग, पश्चिमी देशों और सऊद्री अरब से निकटता की उनकी पहल के पक्ष में नहीं हैं।

पिछले वर्ष हुए चुनावों में वर्तमान प्रधानमंत्री की जीत इसलिए हुई क्योंकि वे स्वयं शिया मुसलमान हैं और इराक के सुन्नी व कुर्द सहित सभी पक्ष उनके नाम पर सहमत थे। किंतु उनकी विजय के बाद से उनके कुछ शिया राजनैतिक समर्थक उनके आलोचक हो गए हैं क्योंकि प्रधामंत्री अपनी प्राथमिकताओं पर जोर देने का प्रयास कर रहे हैं।

इसलिए प्रधानमंत्री अल सुडानी की संयुक्त राष्ट्र संघ की इस सप्ताह की यात्रा का एक प्रमुख लक्ष्य है यूरोप और अमेरिका से और निवेश लाना करना और प्राकृतिक गैस के उत्पादन के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण हेतु सुन्नी अरब देशों की और अधिक मदद हासिल करना। इससे अंततः इराक ऊर्जा के क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भर हो सकेगा और उसकी ईरान पर निर्भरता कम होगी, जो आज इराक की 35 से 40 प्रतिशत ऊर्जा की मांग की पूर्ति करता है। हाल में ईरान और इराक को जोड़ने वाले एक रेलमार्ग के निर्माण पर सहमति बनी है। ईरान के इराक पर लगातार बढ़ते प्रभाव को लेकर कई लोगों का मानना है कि इससे इराक, ईरान की गोदी में बैठने की ओर जा रहा है।

लेकिन अभी अल सुडानी का ध्यान शांति कायम रखने पर केन्द्रित है क्योंकि आर्थिक विकास और विदेशी निवेश की उनकी आशाएं पूरी होने के लिए स्थिरता आवश्यक है।इराक आज बीस साल बाद परिपक्कहो गया है।

# डिलीवरी के बाद हो रहा हेयरफॉल? जानिए बाल झड़ने से रोकने के आयुर्वेदिक उपाय



प्रेग्नेंसी और डिलीवरी के बाद किसी महिला के शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं. एक तरफ मां बनने की खुशियां और दूसरी तरफ कई सारी चुनौतियों से निपटना पड़ता है. ये चुनौतियां मेंटल और फिजिकल दोनों तरह की हेल्थ से जुड़ी होती हैं. इसी में से एक है हेयर फॉल की समस्याएं. प्रेगनेंसी के बाद ज्यादातर महिलाएं इस समस्या से दो चार होती हैं. एक अनुमान है कि नई मां एक दिन में करीब 400 बाल झड़ जाते हैं. जबकि एक आम महिला में एक दिन में 80–100 बाल झड़ते हैं. आइए जानते हैं प्रेग्नेंसी के बाद क्यों हेयरफॉल ज्यादा होते हैं और इससे बचने के क्या उपाय हैं...

**प्रेगनेंसी के बाद हेयरफॉल का कारण**

आयुर्वेद एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मेडिकल में इस प्रॉब्लम को पोस्टपार्टम टेलोजेन एफ़्लूवियम कहा जाता है. यह उन समस्याओं में आता है जो प्रेग्नेंसी को दौरान होने वाले हार्मोनल चेंजेस के कारण महिलाओं में होती है.इसमें महिलाओं के बाल काफी झड़ते हैं. दरअसल, गर्भावस्था की शुरुआत में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन के लेवल में लगातार बढ़ोतरी के कारण हेयर ग्रोथ या बाल बढने़ का सिलसिला चलता रहता है. जिससे महिलाओं के बाल घने और पहले से ज्यादा चमकदार बन जाते हैं. लेकिन जब बच्चे का जन्म हो जाता है तब बाद में एस्ट्रोजन का लेवल गिर जाता है और बाल झडने़ लगता है. हालांकि, धीरे–धीरे ये समस्या ठीक भी हो जाती है. कुछ आयुर्वेदिक उपाय से इस समस्या से राहत पा सकती हैं.

**हेयर फॉल रोकने का आयुर्वेदिक उपाय**

**हर्बल ऑयल और सीरम से हेड मसाज**

ऑर्गेनिक चीजों के जरिए ट्रीटमेंट्स के साइड इफे़क्ट्स कम ही देखने को मिलते हैं. इनसे बालों की ग्रोथ अच्छी होती है. अगर नियमित तौर पर भृंगराज, ब्राह्मी या आंवला जैसे आयुर्वेदिक तेलों से सिर की मालिश करने से बालों का झडऩा कम हो जाता है.

**आयुर्वेदिक सप्लीमेंट का इस्तेमाल**

कुछ आयुर्वेदिक सप्लीमेंट्स जैसे– अश्वगंधा, शतावरी या त्रिफला हार्मोन के कारण होने वाले हेयर फॉल को काफी हद तक रोक देता है. इससे बालों की सेहत सुधरती है. हालांकि, इन चीजों के इस्तेमाल से पहले एक्सपर्ट्स की राय जरूर लें.

**हर्बल शैम्पू से रुकेंगे हेयर फॉल**

बालों की ग्रोथ और कंडीशनिंग के लिए हल्के और हर्बल शैंपू के साथ ऐसे कंडीनशर का चुनाव करना चाहिए जो सल्फेट्स और पैराबीन से मुक्त होते हैं. प्रोडक्ट्स की पूरी जानकारी के बाद इसका इस्तेमाल करें. बालों में किसी भी केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचें.

**बालों की केयर करें**

हर्बल हेयर मास्क सिर और बालों को अच्छी तरह पोषण देते हैं. इससे कई तरह की प्रॉब्लम्स दूर हो जाती हैं. हर्बल हेयर मास्क बालों के लिए फायदेमंद होता है. इसमें आंवला, शिकाकाई, ब्राह्मी या मेथी जैसी जड़ी–बूटियां मिलाकर इस्तेमाल करने से बालों का गिरना कम हो सकता है.

**बालों का केयर करते समय इन बातों का रखें ध्यान**

बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं में बाल गिरने की समस्या कुछ दिन बाद ठीक हो जाती है. इसलिए पौष्टिक आहार, स्ट्रेस लेवल को कंट्रोल करके और सही आयुर्वेदिक उपाय से आप बालों का गिरना कम कर सकते हैं. ऐसे में किसी भी प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल में जल्दबाजी न करें. इससे बाल मजबूत और सुंदर बनते हैं.

## विवाद के बाद युवक ने की चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

**बाराबंकी ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर कोतवाली क्षेत्र में जमीन के विवाद में हुई कहासुनी के दौरान युवक ने अपने चचेरे भाई को लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामनगर कोतवाली क्षेत्र के गौराचक गांव निवासी चंद्रपाल वर्मा व मंशाराम वर्मा सगे भाई हैं। ग्रामीणों के अनुसार मंशाराम के पुत्र हरिओम व चंद्रपाल के इकलौते पुत्र रितेश वर्मा उर्फ रिंकू (35) के बीच खेती की जमीन को लेकर कई साल से विवाद चल रहा है।

बीती रात हरिओम ने शराब पी और छोटे चचेरे भाई रिंकू को गाली दे रहा था। रिंकू के घर के सामने ही दोनों में हाथापाई भी हुई। इसी वक्त हरिओम घर से अपनी लाइसेंसी बंदूक उठा लाया और रितेश को गोली मार दी। गोली कनपटी पर लगते ही रितेश गिर गया। फायरिंग से गांव में अफरातफरी मच गई। कोई कुछ कर पाता, इससे पहले ही हरिओम व उसके परिजन फरार हो गए।सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री ने केबिन क्रू से किया दुर्व्यवहार

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** बेंगलुरु हवाईअड्डे से उड़ान भरते समय केबिन क्रू के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद एक यात्री को एयर इंडिया एक्सप्रेस की गोवा जाने वाली उड़ान से उतार दिया गया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, बेंगलुरु से गोवा की उड़ान में चढ़ते समय एक यात्री ने हमारे केबिन क्रू के साथ अनुचित व्यवहार किया। उसे तुरंत उतार दिया गया और बेंगलुरु हवाईअड्डा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई।

## हिंदुओं को मिल रही धमकियों पर बोला सुरक्षा विभाग– कनाडा में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है

**टोरंटो , एजेंसी।** भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक संबंधों में तनाव जारी है। इस बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हिंदुओं को धमकियां दी जा रही हैं और उनसे देश छोड़ने को कहा जा रहा है। इस वीडियो पर कनाडा ने कहा कि देश में आक्रमकता, नफरत, धमकी या डर का माहौल बनाने वाली गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं है। वायरल हो रहे वीडियो पर कनाडा के सुरक्षा विभाग ने कहा कि यह आक्रमक और घृणास्पद है। विभाग ने कहा कि कनाडा में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। विभाग ने 'एक्स' पर कहा कि आक्रमकता, नफरत, डराने–धमकाने या डर पैदा करने वाले कृत्यों का कनाडा में कोई स्थान नहीं है। ये केवल हमें बांटने का काम करते हैं। हम सभी कनाडाई लोगों से एक–दूसरे का सम्मान करने और कानून का पालन करने का आग्रह करते हैं।

## न्यूयॉर्क बस दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत, कई छात्र घायल

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** अमेरिका में न्यूयॉर्क प्रांत के ऑरेंज काउंटी में दोपहर एक राजमार्ग पर बस पलटने से कम से कम दो महिलाओं की मौत हो गई और कई छात्र घायल हो गए। न्यूयॉर्क प्रांत पुलिस के प्रवक्ता ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बस में सवार दो वयस्क महिलाओं की मौत हो गई और कम से कम पांच बच्चों की हालत गंभीर है। अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड से एक हाई स्कूल बैंड के सदस्यों को लेकर बस पेंसिल्वेनिया में एक संगीत शिविर कार्यक्रम के लिए जा रही थी। हवाई फुटेज में तटबंध के नीचे पेड़ों और झाडियों के बीच एक कोच–शैली की बस दिखाई दे रही है।

# स्टालिन के बेटे उदयनिधि के खिलाफ मुकदमे की याचिका पर तमिलनाडु सरकार को सुको का नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु में दो सितंबर को आयोजित 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच और वहां के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर शुक्रवार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के वकील बी जगन्नाथ की याचिका पर नोटिस जारी किया। पीठ ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया। याचिकाकर्ता के एक वकील ने कहा कि अगर यह किसी व्यक्ति विशेष के धर्म के खिलाफ बयानबाजी का मामला होता तो इसे समझा जा सकता था। उन्होंने कहा, लेकिन यहां एक मंत्री और राज्य मशीनरी एक विशेष धर्म के खिलाफ मोर्चा खोल रही है। शीर्ष अदालत ने वकील की इस दलील पर कि घृणास्पद भाषण से संबंधित समान मुद्दे लंबित हैं, मामले में नोटिस जारी किया। याचिका में श्री जगन्नाथ ने मंत्री उदयनिधि, डीएमके नेता पीटर अल्फोंस, ए राजा और थोल थिरुमावलवन और उनके अनुयायियों के खिलाफ सनातन धर्म या हिंदू धर्म के खिलाफ कोई भी नफरत भरा भाषण देने के खिलाफ निषेधाज्ञा की गुहार लगाई गई है।

श्री जगन्नाथ ने अपनी याचिका में शीर्ष अदालत से यह घोषणा करने की मांग की कि 2 सितंबर 2023 को आयोजित सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन में राज्य के मंत्रियों की भागीदारी असंवैधानिक थी और संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन थी। याचिकाकर्ता अपनी याचिका में तमिलनाडु राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग को यह निर्देश देने की भी मांग की है कि कर्नाटक के हिजाब मामले में शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार सभी माध्यमिक विद्यालयों में किसी भी हिंदू धर्म के खिलाफ कोई भी सम्मेलन नहीं होना चाहिए। वकील की याचिका में शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया कि वह तुरंत राज्य के पुलिस महानिदेशक को एक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दे कि सम्मेलन को पुलिस की अनुमति कैसे दी गई और उक्त सम्मेलन के लिए जिम्मेदार कथित अपराधियों तथा संगठन के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इसके साथ ही याचिका में तमिलनाडु राज्य के गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को शीर्ष अदालत के 2018 के फैसले के अनुसार नफरत फैलाने वाले भाषण के लिए तुरंत एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

## निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**दिल्ली** : रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन बडौदा हाऊस द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

श्रीमती सन्नीति चौधुरी, अध्यक्षा एनआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की उपस्थिति में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा सभी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए रिफ्रेशमेंट एवं उपहार भी प्रदान किए। इस अवसर पर एनआर-डब्ल्यूडब्ल्यूओ की उपाध्यक्षा रश्मि सिंघल, सचिव सरिता सागर, कोषाध्यक्ष वंदना गोयल, सह सचिव शालिनी श्रीवास्तव एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

# चंद्रयान–3 : आज लैंडर और रोवर को फिर जगाने की कोशिश करेगा इसरो

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** भारत चंद्रयान–3 मिशन के लैंडर और रोवर के दो सप्ताह की नींद के बाद सूर्यास्त के बाद जागने का गवाह बनने वाला दुनिया का पहला देश बनने जा रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को सूचित किया कि चंद्रमा पर 22 सितंबर को सूर्योदय होने वाला है। कल जब देश महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने पर खुशी मना रहा होगा, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि हम अपने चंद्रयान–3 मिशन को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने वाले (जो पिछले महीने हुआ था) दुनिया का पहला देश बन जाएंगे और फिर इसका गवाह बनेंगे। सिंह ने लोकसभा में चंद्रयान–3 मिशन की सफलता पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 14 दिन की नींद (चंद्रमा पर एक पखवाड़े लंबे सूर्यास्त के कारण) के बाद लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान की नेविगेशनल गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं।

एक घंटे से अधिक लंबे अपने उत्तर में, मंत्री ने दिन में कांग्रेस सांसद शशि थरूर की उस टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा यह धारणा बनाती है कि सभी वैज्ञानिक उपलब्धियां 2014 के बाद ही हुईं, उन्होंने एक साइकिल पर रॉकेट के पुर्जे ले जाते वैज्ञानिकों की प्रसिद्ध तस्वीर का हवाला दिया और कहा, वह चमत्कार 2014 से पहले का था। नेहरू युग के विपरीत अब हम तकनीकी रूप से उन्नत हैं। थरूर की एक अन्य टिप्पणी पर कि संसद के विपरीत, महिलाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में आरक्षण की आवश्यकता नहीं है, सिंह ने कहा कि इसरो में पहले से कहीं अधिक महिला वैज्ञानिक हैं और बताया कि यहां तक कि आदित्य एल–1 मिशन का नेतृत्व भी एक महिला वैज्ञानिक कर रही हैं।

# अमेरीका संग मिलकर भारत चलाएगा 10000 ई–बसें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पर्यावरण की सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार की एक बड़ी योजना को सफलता मिली है। भारत और अमरीका ने भारत की सडक़ों पर 10,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है। इससे भारत के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगी।हालांकि वर्तमान में भारत के कई शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में ई–बसों का इस्तेमाल किया जा रहा है।भारत में अमरीका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की जरूरत और इसे लेकर भारत और यूएस बीच सहयोग की चर्चा करते हुए बताया कि भारत में इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राज्य अमरीका और भारत मिलकर 10,000 इलेक्ट्रिक बसें देश में उतारेंगे। भारत में अमरीका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने बताया कि ये बसें भारत में ही बनाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि भारत की सडक़ों पर और बसें आएं उसके लिए अमरीकी सरकार, भारत

**पीएम के यूएस दौरे के दौरान हुआ था समझौता**

सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की शुरुआत में पीएम मोदी ने अमरीका की आधिकारिक यात्रा की थी। इस दौरान भारत के विभिन्न शहरों में इंडिया मेड 10,000 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने पर सहमति जताई गई थी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि यह प्रयास संयुक्त रूप से जलवायु संकट से निपटने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना भारत में टिकाऊ और ईको फ्रेंडली बसें चलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## आतंकियों की मदद कर रहा था डीएसपी, अपने ही अफसरों को फंसाया; खुलासे से कश्मीर में मचा हडक़ंप

श्रीनगर ,(एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर में पुलिस और सुरक्षा बल आतंकियों के सफाये में जुटे हुए है। वहीं दूसरी तरफ एक खुलासे ने जम्मू–कश्मीर प्रशासन में हडक़ंप मचा दिया है। दरअसल जम्मू–कश्मीर पुलिस के डीएसपी शेख आदिल मुश्ताक को आतंकवाद के एक आरोपी से रिश्तों का आरोप लगा है। आरोप है कि मुश्ताक ने आतंकवाद के आरोपी की गिरफ्तारी से बचने में मदद की थी। इस मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी को ही फंसाने की कोशिश की थी। शेख आदिल के घर जब पुलिस पहुंची तो वह कूदकर भागने लगे, लेकिन उन्हें दबोच लिया गया।

वहीं हाल ही में अनंतनाग में एक सप्ताह तक मुठभेड़ चली थी और उसमें कई जांबाज अफसर शहीद हो गए थे।

# केंद्र का महिलाओं को आरक्षण देने का अभी इरादा नहीं, राहुल गांधी ने पीएम की मंशा पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधते हुए आज उनकी सरकार को (अन्य पिछड़ा वर्ग) ओबीसी और महिला विरोधी बताते हुए कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक संसद में पारित करवा तो दिया है, लेकिन इसे अभी वह लागू नहीं कर रहे है।

श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में विशेष सत्र के आयोजन की सराहना की, लेकिन कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लाकर इसे लागू करने की जो शर्तें रखी गई है वह चौंकाने वाली है और उससे साफ हो गया है कि महिलाओं को आरक्षण देने का इस सरकार का फिलहाल कोई इरादा नहीं है।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर के सबका ध्यान भटकने का काम हुआ है। यह विधेयक अभी लागू होने वाला नहीं है और 10 साल तक इसे लागू होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। उसके बाद भी क्या होगा इस बारे में भी अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। कारण इसके क्रियान्वयन से पहले जनगणना होनी है और उसके बाद परिसीमन होना है इस तरह से यह विधेयक तत्काल लागू नहीं हो सकता। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार इस विधेयक को अगर लागू करना चाहती है तो उसे तत्काल इसमें से परिसीमन और जनगणना वाली शर्तों को हटा देना चाहिए और विधायक को तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए।

उन्होंने ओबीसी को लेकर भी सरकार पर हमला किया और कहा कि केंद्र सरकार को चलने वाली 90 प्रभावशाली सचिव है जिनमें से ओसीबी वर्ग की सिर्फ तीन है। यह देश की बड़ी आबादी के हित में नहीं है इसलिए जिसकी जितनी आबादी है उसकी उतनी हिस्सेदारी होनी चाहिए।

# पीएम मोदी ने महिला आरक्षण से तैयार किया 2029 तक की सियासत का रोड मैप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला आरक्षण बिल के पास होने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सियासत में 2029 तक का बड़ा राजनैतिक रोड मैप तैयार कर दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस रोड मैप के सहारे भाजपा अपनी जीत की दावेदारी सिर्फ 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव में ही नहीं, बल्कि आरक्षण के लागू होने वाले वर्ष 2029 तक का पूरा खाका खींच चुकी है। इस दौरान सिर्फ 2029 के लोकसभा चुनाव ही नहीं बल्कि उससे पहले होने वाले देश के अलग–अलग राज्यों के तकरीबन सभी विधानसभा चुनावों में भी इसका बड़ा सियासी माइलेज मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

जिस तरीके से महिला आरक्षण को 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू किए जाने की बात कही जा रही है, उससे देश की सियासत में भाजपा के लिहाज से एक बड़े सियासी नफे के सौदे के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक ओपी माथुर कहते हैं कि सियासत में संदेश हमेशा से बहुत मायने रखता है। जिस तरीके से महिला आरक्षण बिल को पास कराए जाने के बाद भाजपा इसका पूरा श्रेय लेती हुई दिख रही है, उससे अंदाजा लगाना बिल्कुल मुश्किल नहीं है कि सत्ता पक्ष अगले लोकसभा चुनाव में किस मुद्दे पर सियासी जमीन तैयार कर रहा है। माथुर कहते हैं कि इसकी गंभीरता को समझते हुए ही लड़ाई पक्ष और विपक्ष के बीच में इस आरक्षण को लागू कराए




जाने वाले क्रेडिट के लिए भी मच रही है। भारतीय जनता पार्टी जहां अपनी सरकार का और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका पूरा क्रेडिट दे रही है, वहीं कांग्रेस यह बताने में लगी है कि कैसे उनकी सरकारों ने शुरुआती दौर में इस बिल की वकालत की थी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सभी सियासी दलों को अंदाजा है कि महिला आरक्षण बिल आने वाले चुनाव में कितना बड़ा और जिताऊ मुद्दा बनने वाला है।

सियासी जानकारों का मानना है कि महिला आरक्षण अब एक ऐसा मुद्दा बन चुका है, जिसका सियासी फायदा न सिर्फ 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दल उठाने वाले हैं, बल्कि 2029 में भी इसी महिला आरक्षण बिल का सियासी फायदा मिलने वाला है। वरिष्ठ पत्रकार जटाशंकर सिंह बताते हैं कि जिस तरीके से आरक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी आक्रमक रूप से इसका पूरा श्रेय लेने के लिए माहौल बना रही है, उससे यह अगले साल होने वाले लोकसभा के चुनाव के प्रमुख मुद्दों में यह मुद्दा शामिल होता नजर आ रहा है। उनका कहना है क्योंकि विशेष सत्र महिला आरक्षण बिल को पास किया गया है, इसलिए सत्ता पक्ष का भरपूर सियासी फायदा तो उठाएगा ही। क्योंकि यह आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले लागू नहीं होने वाला। इसलिए इस दौरान यानी अक्तूबर 2023 के बाद से लेकर 2029 के लोकसभा चुनाव के बीच में, जितने भी विधानसभा के चुनाव होंगे, उसमें भी यह आरक्षण का मुद्दा बड़ा सियासी मुद्दा बनने वाला है। उसके बाद 2029 में जब लोकसभा चुनाव होंगे, तो महिला आरक्षण के आधार पर सीटों का बंटवारा होगा, जिसमें भाजपा इसे बड़े सियासी मुद्दे के तौर पर आगे रखेगी। राजनीतिक रणनीतिकार मानते हैं कि यह भारतीय जनता पार्टी की एक बहुत बड़ी रणनीति का हिस्सा भी है।

वहीं शुक्रवार को एतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक के संसद से पारित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी की महिला कार्यकताओं का अभिवादन किया। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं के पैर भी छुए। इसके बाद महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में भाजपा की सभी महिला सांसद, दिल्ली की सभी महिला पार्षद व अन्य महिला जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। उन्होंने कहा कि मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि–कोटि जनों ने हमें दिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का दोनों सदनों से पास होना, इस बात का भी साक्षी है कि जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है, तो देश कैसे बड़े फैसले लेता है, बड़े पड़ावों को पार करता है।

पास हुए महिला आरक्षण को लेकर सियासत लगातार तेज होती जा रही है। कांग्रेस के नेता और सांसद राहुल गांधी कहते हैं कि महिला आरक्षण से पहले जनगणना होगी और दूसरा परिसीमन करना होगा। इन दोनों को करने के लिए कई साल लगेंगे। महिला आरक्षण आज किया जा सकता है, लेकिन सरकार यह करना नहीं चाहती है। सच्चाई यह है कि यह आज से 10 साल बाद लागू होगा। राहुल गांधी ने मांग की है कि महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी आरक्षण को लागू किया जाए। उन्होंने सवाल करते पूछा कि देश को चलाने वाले संस्थान, संसद में कैबिनेट सचिव और सचिव सरकार चलाते हैं। मैंने पूछा कि 90 में से सिर्फ तीन अधिकारी ही क्यों ओबीसी वर्ग से हैं। पीएम मोदी हर दिन ओबीसी की बात करते हैं, लेकिन उन्होंने ओबीसी वर्ग के लिए क्या किया है। राहुल गांधी ने कहा कि आप किस चीज से ध्यान भटकाना चाहते हैं।

## गणेशोत्सव में साड़ी पहनने से रोकना परिवार को पड़ा महंगा, 13 वर्षीय बच्ची ने उठाया खौफनाक कदम

**पुणे ,(एजेंसी)।** पुणे के एक परिवार पर तब दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जब उन्होंने अपनी 13 वर्षीय बेटी को गणेशोत्सव के दिन साड़ी पहनने से रोक दिया, जिससे आहत होकर बच्ची ने आत्महत्या कर ली।

गणेश चतुर्थी के दिन (19 सितंबर) जब 13 वर्षीय लडक़ी सुष्मिता पी. प्रधान ने कथित तौर पर गुस्सा दिखाया और साड़ी पहनकर भगवान गणेश का स्वागत करने पर जोर दिया।

हालांकि, उसकी मां ने उसकी इच्छा पूरी करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद गुस्साई लडक़ी ने खुद को बाथरूम में बंद कर लिया। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आई तो लडक़ी की बड़ी बहन ने बाथरूम का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

## महाराष्ट्र सरकार धनगर समुदाय को आरक्षण देने पर सहमत : शिंदे

**मुंबई ,(एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार धनगर समुदाय को आरक्षण देने को लेकर सहमत है। शिंदे की अध्यक्षता में धनगर समुदाय के लिए आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए यहां एक बैठक आयोजित की गई, जहां धनगर समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेना चाहती। उन्होंने कहा, 'धनगर समुदाय को आरक्षण प्रदान करने की हमारी जो भूमिका है वह अदालत में टिक सकती है। मध्य प्रदेश, बिहार और तेलंगाना राज्यों में सरकारी निर्णय लेकर कुछ समुदायों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया है।उन्होंने कहा कि इन राज्यों के कामकाज का अध्ययन करने के लिए धनगर समुदाय के एक प्रतिनिधि के साथ एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा। शिंदे ने धनगर समाज के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट देश के अटॉर्नी जनरल को भेजी जाएगी और राज्य सरकार के स्तर पर इस तरह का निर्णय लेने से पहले मार्गदर्शन लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि सरकारी निर्णय लेने की प्रक्रिया में कोई समस्या आती है, तो धनगर समुदाय के लिए आरक्षण के मुद्दे का अध्ययन करने के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की जाएगी। इस समिति में धनगर समुदाय के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।

# यूपी: अब फुल पैंट—शर्ट पहनकर आएंगे प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों के बच्चे

**लखनऊ एजेंसी।** बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार ने निर्देश दिए हैं कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को फुल पैंट शर्ट में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विद्यालय प्रांगण में पानी का जमाव न होने दिया जाए। मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए। साथ ही नोडल अध्यापक के माध्यम से छात्रों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा गया है कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेसिक शिक्षा



विभाग भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। परिषदीय स्कूलों व निजी स्कूलों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित कराई जाएं। पत्र में निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने को भी कहा गया है।

पत्र में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को निर्देश दिए जाएं कि वह विद्यालय फुल पैंट शर्ट पहनकर आएं, जिससे कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया इत्यादि से बचा जा सके। साथ ही ये भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि विद्यालय में अत्यधिक संख्या में छात्र–छात्राएं बुखार से पीड़ित हों तो तत्काल पीएचसी को सूचित करते हुए डॉक्टर से चिकित्सीय परीक्षण एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए।

संचारी रोग खासकर मलेरिया, डेंगू इत्यादि के नियंत्रण व रोकथाम के लिए आवश्यक है कि परिषदीय विद्यालयों के प्रांगण के साथ–साथ उसके आसपास की जगहों पर साफ–सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए। चूंकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां जलभराव के कारण होती हैं, इसलिए विद्यालय प्रांगण व आसपास कहीं भी जलभराव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालय में गमलों, टायरों, बोलतों आदि में लगाए गए पौधों में भी पानी जमा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय निकाय के पदाधिकारियों से समन्वय

**सरकार ने जारी किए निर्देश**

स्थापित कर विद्यालय में मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए।

प्रत्येक स्कूल में एक स्वास्थ्य नोडल अध्यापक तैनात किया जाए जो विद्यार्थियों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया इत्यादि से बचाव के लिए जागरूक करे। स्वास्थ्य नोडल अध्यापक समय–समय पर स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही विभिन्न कक्षाओं में शिक्षक वाट्सएप ग्रुप बनाकर अभिभावकों को उससे जोड़ें और समय–समय पर उन्हें जागरूक करने के लिए वीडियो भेजें।

# आईसीसी का बड़ा ऐलान, वनडे विश्व कप के विजेता को मिलेंगे 33 करोड़ रुपए




दुबई , अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि आगामी 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के विजेता को 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ट्रॉफी उठाने के अलावा 4 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 33,18,30,800 करोड़ रुपये मिलेंगे।

टूर्नामेंट के लिए कुल पुरस्कार राशि 10 मिलियन डॉलर है, जो प्रतियोगिता के 2015 और 2019 संस्करणों में दी गई थी। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के उपविजेता को 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि हारने वाले सेमीफाइनलिस्टों में से प्रत्येक को 800,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे।

टूर्नामेंट में जीते गए प्रत्येक लीग मैच के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे, जो हाल ही में आईसीसी टूर्नामेंटों में एक आदर्श बन गया है। 45-मैचों के ग्रुप चरण में प्रत्येक मैच के विजेता को 40,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली छह टीमों को 100,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान मिलेगा।

2023 एकदिवसीय विश्व कप में, टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में एक-दूसरे से खेलेंगी, जिसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। 48 मैचों का यह आयोजन 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक दस स्थानों पर खेला जाएगा। 2023 विश्व कप, प्रतियोगिता का 13वां संस्करण, 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड के न्यूजीलैंड से भिडऩे के साथ शुरू होगा।

मेजबान भारत, 1983 और 2011 का चैंपियन, अपने अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम में पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। यह पहली बार है जब भारत पूरी तरह से पुरुष वनडे विश्व कप की मेजबानी कर रहा है।

1996 का चैंपियन श्रीलंका 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। 1992 का विजेता पाकिस्तान 6 अक्टूबर को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## भारत ने पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया, राहुल ने छक्के से दिलाई जीत

नई दिल्ली भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला गया। विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम है। भारत इस मैच को जीतने के साथ ही वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 276 रन बनाए। जवाब में भारत ने 48.4 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया है। मोहाली में खेले गए वनडे में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में सभी 10 विकेट गंवाकर 276 रन बनाए। डेविड वॉर्नर ने 52, जोश इंग्लिस ने 45 और स्टीव स्मिथ ने 41 रन की पारी खेली। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लिए।

# विश्व कुश्ती : अंतिम पंघल ने कांस्य पदक जीता, पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल




बेलग्रेड । सीनियर विश्व चैंपियनशिप में अपने पदार्पण पर भारतीय पहलवान अंतिम पंघल ने 53 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में स्वीडन की यूरोपीय चैंपियन जोना मालमग्रेन पर शानदार जीत दर्ज करते हुए कांस्य पदक जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा पक्का किया।

दो बार की यू20 विश्व चैंपियन अंतिम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थी और उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के माध्यम से 16-6 से जीत हासिल कर अपना पहला सीनियर विश्व चैंपियनशिप पदक जीता।

अपनी कांस्य पदक जीत के रास्ते में अंतिम ने क्वालीफिकेशन में मौजूदा विश्व चैंपियन अमेरिका की ओलिविया डोमिनिक पैरिश को हराया, उसके बाद पोलैंड की रोक्साना मार्टा ज़सीना पर टीएसयू की जीत हुई।हरियाणा की 19 वर्षीय लडक़ी, जो डब्ल्यूएफआई द्वारा विश्व निकाय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद एक तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही है, ने क्वार्टर फाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा को हराया और फिर बुधवार को सेमीफाइनल में उन्हें बेलारूस की टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार का सामना करना पड़ा था।

# अरुणाचल के खिलाडिय़ों के अपमान पर भारत का चीन को करारा जवाब, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रद्द किया दौरा



नई दिल्ली ,भारतीय खिलाडिय़ों का अपमान करना चीन को महंगा पड़ सकता है। भारत के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को हांगझोऊमें होने वाले 19वें एशियाई खेलों के लिए चीन की अपनी यात्रा रद्द कर दी। चीन की इस हरकत के बाद एक बार फिर दोनों देशों के बीच खटास बढ़ती जा रही है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाडिय़ों को एशियन गेम्स में एंट्री नहीं दी है जिसके बाद भारत सरकार ने उसे करारा जवाब दिया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, भारत सरकार को पता चला है कि चीनी अधिकारियों ने एशियन गेम्स में अरुणाचल प्रदेश राज्य के कुछ भारतीय खिलाडिय़ों को मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। इसलिए, भारत के खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपनी चीन की यात्रा रद्द कर दी है।चीन की इस हरकत का भारत सरकार ने विरोध किया है। सरकार ने साफतौर पर कह दिया है कि देश के किसी भी राज्य के साथ ऐसा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बयान में आगे कहा गया, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। चीनी अधिकारियों की ओर से मंजूरी नहीं मिलने के कारण अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशु खिलाड़ी एशियाई खेलों के लिए हांगझोऊ चीन की यात्रा नहीं कर पाए हैं।पृथ्वी विज्ञान मंत्री और अरुणाचल प्रदेश के सांसद किरेन रिजिजू ने भी चीन की इस हरकत की निंदा की। किरेन रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट किया, मैं चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के हमारे वुशू एथलीटों को वीजा देने से इनकार करने के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं, जो हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों में भाग लेने वाले थे। यह खेल की भावनां और एशियाई खेलों के संचालन को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन है।

# एशियाई खेल : श्रीलंका ने थाईलैंड को आठ विकेट से हराया



हांगझोउ ,एशियाई खेल 2023 में श्रीलंका महिला क्रिक्रेट टीम ने खेले गये तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को आठ विकेट से हराया दिया है। आज सुबह श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड ने 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 78 रन स्कोर बनाया।

थाईलैंड की ओर सबसे अधिक नाबाद 31 रन चानिदा सुथ्थीरुआंग ने बनाये। इसके अलावा उनकी टीम के किसी खिलाड़ी का स्कोर दहाई अंक में भी नहीं पहुंचा सका। उतरी श्रीलंका की ओर से पारी की शुरुआत अनुष्का संजीवनी और चमारी अटापट्टू (कप्तान) ने शुरुआत की। दोनो सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट ओपनर चमारी अटापट्टू (कप्तान) ( 27) के रूप में सातवें ओवर में गिरा।

अटापट्टू को पुत्थावॉन्ग ने चाईवाई के हाथों कैच कराकर पवैलिया का रास्ता दिखाया। वहीं श्रीलंका की ओर से सबसे अधिक 32 रन अनुष्का संजीवनी ने बनाए। संजीवनी को नौवें ओवर में पुत्थावॉन्ग ने तिप्पॉच के हाथों कैच कराकर आउट किया। उस समय टीम का स्कोर 65 रन था। हर्षिता समाराविक्र्मा (14) और विश्मी गुणारत्ना (8) रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका को तीन अतिरिक्त रन मिले।

## फिल्मी दुनियां

# शाहरुख की पठान का रिकॉर्ड तोडऩे से इंचभर दूर है सनी की फिल्म



सनी देओल की फिल्म ह्यगदर 2ह्व ने बॉक्स ऑफिस को अपनी कमाई से हिला डाला है. फिल्म पहले दिन से ही रिकॉर्ड तोड़ बिजनेस कर रही है और जमकर कमाई कर रही है. फिल्म को टिकट खिडक़ी पर गर्दा उड़ाते हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन इसकी कमाई की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है. यहां तक कि शाहरुख खान की तूफान बन चुकी जवानके आगे भी सनी देओल की ह्यगदर 2 डटी हुई है.हालांकि 7 सितंबर को रिलीज हुई जवान के बाद ह्यगदर 2ह्व की कमाई करोड़ों से लाखों में सिमट गई थी लेकिन फिल्म ने रिलीज के छठे हफ्ते में शानदार कमबैक किया और फिर से करोड़ों में कारोबार कर हर किसी को हैरान कर दिया. चलिए यहां जानते हैं गदर 2 ने रिलीज के 39वे दिन यानी छठे सोमवार को कितना कलेक्शन किया हैगदर 2 को रिलीज हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन इसका क्रेज दर्शकों के सिर पर अभी भी चढ़ा हुआ है. तारा और सकीना की आइकॉनिक जोड़ी को फिर से पर्दे पर देखने के लिए अब भी सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ पहुंच रही है और इसी के साथ ये फिल्म जमकर कमाई कर रही है. हालांकि शाहरुख खान की जवानह्व के सिनेमाघरों में धुंआधार कमाई करने के बाद ह्यगदर 2ह्व का कलेक्शन काफी प्रभावित भी हुआ लेकिन छठे हफ्ते में फिर सनी देओल का हथौड़ा बॉक्स ऑफिस पर चल गया और इस फिल्म का कलेक्शन बढ़ गया. जहां छठे फिल्म ने 72.73 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 95 लाख की कमाई की तो वहीं छठे रविवार को 28.42 फीसदी के उछाल के साथ गदर 2 का कलेक्शन 1.22 करोड़ रहा. वहीं अब फिल्म की रिलीज के छठे सोमवार यानी 39वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.रिपोर्ट के मुताबिक गदर 2 ने रिलीज के छठे सोमवार यानी 39वें दिन 60 लाख का कलेक्शन किया है. इसी के साथ गदर 2 की 39 दिनो की कुल कमाई अब 520.60 करोड़ रुपये हो गई है.गदर 2 धीरे-धीरे बॉक्स ऑफिस पर आगे बढ़ रही है. फिल्म का लक्ष्य शाहरुख शान की पठान का लाइफटाइम कलेक्शन का रिकॉर्ड तोडऩा है. बता दें कि पठान का लाइफटाइम कलेक्शन 543.09 करोड़ रुपये था. हालांकि गदर 2 के लिए ये मील का पत्थर पार करना काफी मुश्किल लग रहा है.

# नित्या मेनन स्टारर कॉमेडी ड्रामा सीरीज कुमारी श्रीमती 28 सितंबर को होगी स्ट्रीम



एक्ट्रेस नित्या मेनन की अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा सीरीज कुमारी श्रीमति 28 सितंबर को डिजिटल रूप से स्ट्रीम होगी। सीरीज में पूर्वी गोदावरी के एक गांव में रहने वाली 30 वर्षीय महिला (मेनन द्वारा अभिनीत) की कहानी है, जिसका जीवन बिल्कुल भी आसान नहीं है। उसके सामने आने वाली कठिनाइयों को बड़े ही मनोरंजक ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जो रूढ़िवादियों को चुनौती देती है। वैजयंती एंटरटेनमेंट्स के वेब डिवीजन अर्ली मॉनसून टेल्स द्वारा निर्मित सीरीज कुमारी श्रीमति गोम्तेश उपाध्ये द्वारा निर्देशित है। इसमें नित्या के साथ निरुपम परिताला, गौतमी, थिरुवीर, तल्लुरी रामेस्वरी, नरेश और मुरली मोहन प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

तेलुगु में कुमारी श्रीमति के सात एपिसोड हिंदी, तमिल और मलयालम में डब किए गए हैं। निर्माता स्वप्ना दत्त ने कहा, श्रीमति की यात्रा दृढ़ संकल्प और परिवार के अटूट बंधन से संबंधित है। यह सीरीज घरेलू परिवारों की जटिलताओं, समाज के मानदंडों को तोडऩे और व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने पर जोर देती है। यह सब दर्शकों को एक भावनात्मक और मनोरंजक यात्रा पर ले जाएगी।

हमें विश्वास है कि मजबूत पारिवारिक बंधनों के साथ संस्कृति से भरपूर यह सीरीज दर्शकों को पसंद आएगी।


# भूमि पेडनेकर की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना हांजी जारी



भूमि पेडनेकर पिछले कुछ वक्त से अपनी आगामी फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर चर्चा में हैं।इसका निर्देशन रिया कपूर के पति करण बूलानी कर रहे हैं। यह बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है।रिया और एकता कपूर ने मिलकर इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम संभाला है। अब निर्माताओं ने थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना हांजी जारी कर दिया था, जिसे सोशल मीडिया पर प्रशंसकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है।

भूमि ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर थैंक यू फॉर कमिंग का पहला गाना हांजी साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, रैगर फेंकने का समय? हांजी। यह गाना सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।थैंक यू फॉर कमिंग में शहनाज गिल, कुशा कपिला, डॉली सिंह, करण कुंद्रा, शिबानी बेदी और अनिल कपूर भी नजर आएंगे।

# फिल्म गणपत से कृति सैनन की पहली झलक आई सामने, दिखा धांसू अवतार



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म गणपत को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।इसमें उनकी जोड़ी कृति सैनन के साथ बनी है। इससे पहले कृति और टाइगर की जोड़ी साल 2014 में आई फिल्म हीरोपंती में नजर आ चुकी है।अब निर्माताओं ने मंगलवार (19 सितंबर) को गणेश चतुर्थी के खास मौके पर गणपत से कृति की पहली झलक जारी कर दी है, जिसमें वह धांसू अवतार में नजर आ रही हैं।कृति ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर गणपत से अपना पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, वह भयंकर है। वह अजेय है। वह मारने को तैयार है। जस्सी से मिलें। फिल्म में कृति का नाम जस्सी होगा।गणपत ने टाइगर और कृति के अलावा अमिताभ बच्चन भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 20 अक्टूबर को हिंदी समेत तेलुगू, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।इसका निर्देशन विकास बहल ने किया है। अभिनेत्री कृति सेनन को हाथों में नन्चक्स पकड़े हुए देखा जा सकता है, जो पट्टियों से ढके हुए हैं.स्टनर ने अपने अगले लुक के लिए एक्शन से भरपूर अवतार अपनाया है, जो उनके पिछले किसी भी लुक से अलग है. फ़र्स्ट लुक पोस्टर में वह कार्गो पैंट के साथ स्लीवलेस क्रॉप टॉप पहने हुए और हाथों में ननचॉक्स पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं. वह कैमरे की ओर तीव्र नजरों के साथ देखते हुए देखी जा सकती हैं. कृति सेनन ने अपने ट्विटर हैंडल पर गणपत से फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए पोस्ट कर कैप्शन दिया, वह भयंकर है, वह अजेय है, वह मारने को तैयार है.पोस्टर जारी होने के तुरंत बाद, नेटिज़न्स ने कमेंट करते हुए उनके नए अवतार के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया. ट्विटर उपयोगकर्ताओं में से एक ने लिखा, कहना होगा कि कृति की फिल्मों का चयन असाधारण है,

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com